दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 183 जयपुर, बुधवार, 12 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जम्मू आतंकी हमले में चौमूं के 4 लोगों की गई थी जान

# भजनलाल सरकार देगी 50-50 लाख का मुआवजा और नौकरी

■ चौमूं और मुरलीपुरा में आक्रोशित लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन

■ मांगों पर बनी सहमति के बाद शवों का हुआ अंतिम संस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकी घटना में मारे गए 4 लोगों के परिजनों को सरकार संविदा पर नौकरी और 50 लाख का मुआवजा भी देगी। इसके बाद जयपुर और चौमूं में धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार सुबह करीब 9 बजे पूजा एक्सप्रेस से आतंकी घटना में मारे गए चार लोगों के शव जयपुर में पहुंचे।

शव पहुंचते ही मुरलीपुरा और चौमूं थाने के बाहर हजारों की संख्या में लोग एकत्र हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बाजार बंद करा दिए प्रदर्शनकारी और पुलिसकर्मी आमने-सामने हो गए। मामला बढ़ता देख पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा समझाइश की। चौमूं में सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुआ आंदोलन शाम को जिला प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। सरकार की ओर से मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपए का मुआवजा और दो जनों को संविदा पर नौकरी दी जाएगी। साथ ही एक डेयरी बूथ भी अलॉट किया जाएगा। इसके बाद चारों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में जयपुर के चार लोगों की मौत हो गई थी।


फोटो: पंकज शर्मा

### आतंकी हमले में मारे गए थे एक ही परिवार के 4 सदस्य



जम्मू-कश्मीर में विगत 9 जून को श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। गोली ड्राइवर को लगी और बस खाई में गिर गई थी। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 33 लोग घायल हुए थे। मरने वालों में 4 लोग जयपुर के चौमूं स्थित पांच्यावाली ढाणी और मुरलीपुरा (हरमाड़ा) के थे। मंगलवार को इन चारों के शव जैसे ही जयपुर पहुंचे तो रेलवे स्टेशन पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों में आतंकियों की कायराना हरकत को लेकर गुस्सा व्याप्त था। आक्रोशित लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करने के साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए एहतियातन भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया।

### बजरंग दल का आज देशव्यापी प्रदर्शन

जम्मू कश्मीर में तीर्थ यात्रियों पर आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद का देशव्यापी विरोध प्रदर्शन बुधवार को होगा। परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया कि ये प्रदर्शन देश के जिला केंद्रों पर किया जाएगा। इसमें हमले में बलिदान हुए तीर्थ यात्रियों को श्रद्धांजलि तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के साथ जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा। राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी जिलाधिकारियों के माध्यम से दिया जाएगा।

## जरूरी खबर

### ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 30 जून की दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया है। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को कार्यालय छोड़ रहे हैं। परम विशिष्ट सेवा मेडल और अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं।

### माझी ओडिशा और नायडू होंगे आंध्र के नए सीएम



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में मोहन मांझी को विधायक दल का नेता चुना गया है। वे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव की मौजूदगी में हुई विधायक दल की बैठक में सीएम पद के लिए माझी के नाम का फैसला किया गया उधर, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल ने चंद्रबाबू नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया। TDP प्रमुख चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के नए CM होंगे। -पेज 7 भी देखें

### SC का नीट UG काउंसलिंग पर रोक से इनकार


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को नीट यूजी परीक्षा 2024 में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने मेडिकल कॉलेजों में छात्रों के प्रवेश के लिए काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही कथित पेपर लीक के आरोपों पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से इस मामले में अगली सुनवाई अब 8 जुलाई को होगी। -पेज 5 भी देखें

## 20 जून से पहले मानसून की एंट्री!

# उदयपुर-भीलवाड़ा समेत प्रदेश के पांच जिलों में बरसात

**बेधड़क** | जयपुर

भीषण गर्मी से तपते प्रदेश के लिए मंगलवार का दिन राहत भरा रहा। उदयपुर और भीलवाड़ा में तेज बारिश हुई। इसके अलावा 5 अन्य जिलों में भी हल्की व मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। इन जिलों में मंगलवार दोपहर बाद बारिश हुई। उदयपुर में ओले गिरे, जिसके बाद यहां का मौसम सुहावना हो गया। इधर, मौसम केंद्र दिल्ली की ओर से जारी फोरकास्ट के अनुसार, अगले 48 घंटों के दौरान मानसून तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में प्रवेश कर सकता है। इस सप्ताह के अंत तक मध्यप्रदेश पहुंच सकता है। मानसून राजस्थान में 20 जून से पहले प्रवेश करने की संभावना है। दूसरी ओर जयपुर समेत कई हिस्सों में मंगलवार को सुबह से बादल छाए रहे। हालांकि दोपहर में धूप में तल्खी भी देखने को मिली। बादल छाए रहने से कुछ इलाकों में ठंडी हवा का भी अहसास हुआ। प्रदेश में मंगलवार को सर्वाधिक तापमान की बात की करें तो चूरू में 45.6 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम तापमान माउंट आबू में 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां दिन का तापमान 43.3 दर्ज किया गया।



### अच्छी बारिश की संभावना

मौसम विभाग ने उदयपुर, भरतपुर, जयपुर, कोटा और अजमेर संभाग के जिलों में 16 जून तक प्री-मानसून की बरसात होने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मानसून गुजरात के दक्षिणी हिस्से वापी, वलसाड तक आ चुका है। इसके साथ ही राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम केंद्र नई दिल्ली से जारी फोरकास्ट के अनुसार मानसून सप्ताह के अंत तक मध्यप्रदेश पहुंच सकता है। मानसून राजस्थान में 20 जून से पहले प्रवेश करने की संभावना है। प्री-मानसून का सही समय पर शुरू होना अच्छे मानसून के आने का संकेत है। इससे मेवाड़, वागड़, हाड़ौती और ढूंढ़ाड़ में कहीं-कहीं हल्की बरसात तथा कहीं तेज बरसात हो सकती है। कहीं गर्जना के साथ खंड वर्षा दो-तीन दिनों में होगी।

## कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से रू-ब-रू हुए मंत्री

# प्रदेश के चारों केंद्रीय मंत्रियों ने किया पदभार ग्रहण


गजेन्द्र शेखावत | भूपेंद्र यादव | अर्जुन राम | भागीरथ चौधरी

**बेधड़क** | जयपुर

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रदेश के चार सांसदों को मंत्री बनाया गया है। मंगलवार को चारों सांसदों ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हमारी टीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुसार संस्कृति, कला और पर्यटन के क्षेत्र में नए सोपान तय करने के लिए शानदार काम करेगी। वहीं केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विधि एवं न्याय मंत्रालय विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि वे प्रधानमंत्री द्वारा दी गई सभी जिम्मेदारियों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे। यादव ने पदभार ग्रहण करने से पहले नई दिल्ली में पर्यावरण मंत्रालय के परिसर में एक पौधा भी लगाया।पदभार ग्रहण करने के बाद केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि एनडीए सरकार पिछले दस वर्षों से किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनका मंत्रालय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर काम करता रहेगा।

-पेज 8 भी देखें

## सीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

# कार्मिकों को अब घर बैठे मिलेगी दवा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के करीब साढ़े 12 लाख सरकारी कर्मचारी और पेंशनर्स को अब भजनलाल सरकार घर पर दवाइयां उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसे लेकर आला-अफसरों को दिशा-निर्देश दिए हैं।

भजन सरकार राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) के अंतर्गत राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ के माध्यम से कार्मिकों-पेंशनरों को दवाइयों की होम डिलीवरी करेगी। बजट घोषणा (लेखा अनुदान) और 100 दिवसीय कार्य योजना के साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा बैठक में सीएम भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को इसे जल्द ही पायलट बेसिस पर शुरू करने निर्देश दिए। आरजीएचएस स्कीम के तहत सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को सरकारी और निजी अस्पतालों में निशुल्क आउटडोर और इनडोर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं, लेकिन अब कर्मचारियों को डॉक्टर के परामर्श के बाद सरकार उनके घर तक दवाइयां उपलब्ध करवाने की तैयारी कर रही हैं।



### आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में गुड गवर्नेंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। हमारी सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के बारे में सबसे पहले सोच कर नीति-कार्यक्रमों का निर्धारण कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को समर्पण-निष्ठा के साथ राज्य सरकार की घोषणाओं एवं लक्ष्यों को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में बजट घोषणा 2024-25 (लेखा-अनुदान), सौ दिवसीय कार्य योजना एवं उनके द्वारा की गई घोषणाओं की क्रियान्विति पर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने लेखा-अनुदान में शेष रही घोषणाओं की डेडलाइन तय करते हुए अधिकारियों को इन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि इन घोषणाओं से संबंधित कार्य किसी भी स्तर पर लंबित नहीं हो और संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए।

IIS (deemed to be UNIVERSITY) JAIPUR
FORMERLY ICG
ADMISSIONS OPEN 2024-25
www.iisuniv.ac.in
UG / PG / Ph.D. & Professional Programmes
3-Level Certificate/Diploma/ Advanced Diploma
Value Added COSD Programmes alongwith Degree Programmes
SCHOLARSHIPS FOR Meritorious and National Level Sports Achievers
Scan me for more Information
Toll Free No. 1800 180 7750



Undergraduate Programmes
▪ B.A. ▪ B.Sc. ▪ B.Com.
▪ B.A. / B.Sc. / B.Com. Hons.
Specialized Programmes
▪ B.Com. Hons. (Proficiency in CA/CS)
Specialized programmes and separate academic calendars for aspirants of CA & CS
▪ B.Com. Hons. (Applied Accounting and Finance) Accredited by ACCA UK
UG-Professional Programmes
▪ B.A. (J.M.C.) ▪ B.F.A. ▪ B.C.A.
▪ B.Sc. Hons. (Data Analytics & AI)
▪ B.Sc. Hons. (Home Science)
▪ B.Sc. Hons. (Multimedia & Animation)
▪ B.Sc. (Fashion Design)
▪ B.Sc. (Jewellery Design & Technology)
▪ B.B.A.
▪ B.B.A. (Aviation & Tourism Management)
▪ B.Voc. - UGC Approved
Integrated Programmes
▪ B.A. B.Ed. ▪ B.Sc. B.Ed.* - NCTE Approved
▪ B.Sc. - M.Sc. (Nano Science & Technology)
Post Graduate Programmes
▪ M.A. ▪ M.Sc. ▪ M.Com. ▪ M.F.A. ▪ M.S.W. ▪ M.Sc. Home Sc.
▪ M.B.A.* (Semester Based) ▪ M.A/M.Sc Yogic Sciences
▪ DBT supported M.Sc. Biotechnology program
Professional Diploma in Clinical Psychology (RCI approved)
Co-Educational Programmes
@ IISU Block, IIIM Campus, Mahaveer Marg, Mansarovar
▪ B.C.A. ▪ B.B.A. ▪ B.Lib.I.Sc.
▪ M.A. (Digital Media & Communication) ▪ M.C.A.*
▪ M.B.A.* (Dual Specialization, Trimester based)
*MBA/MCA AICTE Approved
Short Term Courses
▪ Cyber Security and Cyber Law (Online)
▪ Certificate Course in Textile Design
Research Programmes
▪ Ph. D. : Admission through Research Entrance Test**
RET Date 22 June 2024 **Exemption for NET-qualified applicants
Preparatory classes along with UG / PG Programmes
▪ Civil Services ▪ NET ▪ US CMA
College of Physiotherapy & Allied Health Sciences
(Co-Educational) @ IIS, Sitapura Campus
▪ B.P.T. ▪ M.P.T. ▪ Ph.D.
DISTINGUISHING FEATURES
▪ Hostel with Modern Amenities
▪ Training and Placement Support
▪ Well Placed Alumnae
▪ Student Diversity (from India & Abroad)
▪ International Students Office
▪ Centrally Located
▪ Wifi Enabled Campus
FOR COUNSELLING AND ANY QUERIES, CONTACT AT: ARTS & SOCIAL SCIENCES 93588 19994 SCIENCE 93588 19995 COMMERCE & MANAGEMENT 93588 19996 PHYSIOTHERAPY 89493 22320
Gurukul Marg, SFS, Mansarovar, Jaipur-302 020 Rajasthan (India) +91 141 2400160 / 161, 2397906 / 907 admissions@iisuniv.ac.in

## जरूरी खबर

### संभागीय आयुक्त ने रात्रि चौपाल में सुनी समस्याएं



**जयपुर।** संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने चाकसू तहसील के कौथून गांव में रात्रि चौपाल के दौरान आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान रामपुरा में सरकारी ट्यूबवेल का निजी संस्थान द्वारा उपयोग की शिकायत मिली। इसके लिए तहसीलदार एवं विकास अधिकारी को एक दिन में मौका निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। वहीं, कौथून में राष्ट्रीय राजमार्ग-12 से विद्युत लाइन को कौथून सीटी में जोड़ने संबंधी मामले में अनुमति जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। ग्राम विकास सहकारी समिति को आवंटित भूमि से तीन दिन में अतिक्रमण हटाने को कहा।

### दस्तावेज तैयार कराने में छात्रों को हो रही भाग-दौड़

**चाकसू।** कस्बे के सरकार कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 स्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेश के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी बीच अब छात्रों को दस्तावेज तैयार कराने में भाग-दौड़ करनी पड़ रही है। गौरतलब है छात्रों को प्रवेश के लिए मूल निवास, जाति, EWS व अल्पसंख्यक प्रमाण पत्रों की आवश्यकता होती है। इसके लिए छात्रों ने ई-मित्रों पर आवेदन पत्र भी दे दिए हैं, लेकिन एक सप्ताह तक भी उनके दस्तावेज तैयार नहीं हो रहे हैं। प्रवेश समिति की प्रभारी गीताजंली मीणा ने बताया कि प्रवेश के लिए ई-मित्र से 19 जून तक विद्यार्थी अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

### बेरोजगारों को गुमराह करती रही कांग्रेस सरकार



**जयपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेरोजगारी भत्ते को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत को सत्ता से बाहर होने के बाद बेरोजगारों की याद आ रही है। 2018 में सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के समय अपने घोषणा पत्र में प्रदेश के 30 लाख युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था। सत्ता में आने के बाद बेरोजगारों के हितों पर कुठाराघात किया और बेरोजगारों को भत्ते के नाम पर गुमराह करते रहे। पेपरलीक माफियाओं को सरंक्षण देकर प्रदेश के 70 लाख से अधिक युवाओं के सपनों पर पानी फेरने का काम किया।

---


**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर के विकास कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश**

# रिंग रोड, खेल मैदान, सड़क, पानी व अन्य कार्यों को दें रफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर के विकास को लेकर समीक्षा शुरू कर दी है। उन्होंने जिला प्रशासन को अजमेर उत्तर के पेराफेरी में आबादी विस्तार, पट्टा, रिंग रोड, खेल मैदान एवं सड़क सहित कई मुद्दों पर काम तेज करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध, समय से एवं निरन्तर मॉनिटरिंग के साथ काम किया जाए तो जल्द ही अच्छे परिणाम आएंगे। देवनानी ने मंगलवार को अजमेर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित एवं नगर निगम व एडीए आयुक्तों के साथ चर्चा कर शहर के विकास की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शहर से सटे हाथीखेड़ा, बोराज, काजीपुरा, लोहागल, माकड़वाली, अजयसर व खरेकड़ी गांवों में आबादी विस्तार व आवासीय पट्टे दिए जाने की तुरन्त आवश्यकता है। इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के विकास एवं सुगम आवागमन के लिए रिंग रोड की जरूरत है। इसका प्रस्ताव तैयार कर सक्षम स्तर पर भेजा जाए ताकि काम जल्द शुरू कराया जा सके। उन्होंने अजमेर उत्तर क्षेत्र के विकास के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि अजमेर विकास प्राधिकरण की उपलब्ध भूमि का आंकलन कर खेल मैदान, मल्टीपर्पस सभागार, नया विश्वविद्यालय एवं नए चिकित्सालय के लिए भूमि आरक्षित की जाए। इनकी विस्तृत रिपोर्ट भी तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि एलीवेटेड रोड के नीचे की सभी सड़के तुरन्त दुरूस्त करवाई जाए।



हाउसिंग बोर्ड एवं एडीए की पुरानी आवासीय कॉलोनियों की शीघ्र नगर निगम को हस्तांतरित किया जाए। अजमेर में आयुर्वेद निदेशालय, आयुर्वेद चिकित्सालय एवं रसायनशाला आदि संस्थाओं को मिला कर राष्ट्रीय स्तर के आयुष संस्थान की स्थापना के प्रस्ताव तैयार किए जाएं।

### इन विकास कार्यों पर भी की चर्चा

देवनानी ने जिले के विभिन्न विकास कार्यों पर भी चर्चा की। इसके तहत उन्होंने अजमेर विकास प्राधिकरण आयुक्त नित्या के. को निर्देश दिए कि स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर मूर्ति स्थापना की कार्रवाई तेज की जाए। पंचशील में नगर निगम के निर्माणाधीन भवन के पास नया बहुउद्देशीय ऑडिटोरियम तैयार करने के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। फॉयसागर रोड स्थित रावत नगर में पानी की टंकी के निर्माण के लिए भूमि शीघ्र आवंटित की जाए। इसी तरह फॉयसागर झील के चारों ओर पाथवे या दीवार बनाने के प्रस्ताव व विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए।

### आनासागर से हटाएं जलकुंभी

देवनानी ने अजमेर नगर निगम आयुक्त देशलदान को निर्देश दिए की बांडी नदी से जलकुंभी की सम्पूर्ण सफाई की जाए, ताकि आनासागर झील तक जलकुंभी की आवक को रोका जा सके। चौपाटी के आसपास नो वेंडिंग जोन में खड़े ठेलों पर कार्रवाई की जाए। जलकुंभी हटाने के दौरान जगह-जगह चौपाटी को तोड़ा गया, उसकी मरम्मत शीघ्र कराई जाए। इसी तरह इस अभियान में सागर विहार, वन विहार, मांगीलाल साहू का कुंआ, अपना नगर एवं अन्य क्षेत्रों में सड़कें क्षतिग्रस्त हुई है। उनकी शीघ्र मरम्मत कराई जाए।

### नालों की सफाई के दिए निर्देश

विधानसभा अध्यक्ष ने बारिश से पूर्व सभी नालों की सम्पूर्ण सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने केईएम का नाम परिवर्तन करने के प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम कच्ची बस्ती और वार्ड क्षेत्र में लंबित पट्टों का वितरण करें। इसी तरह सीवरेज लाईनों की नियमित सफाई की जाए।

---

**सीएम भजनलाल शर्मा ने ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा...**

# विद्युत तंत्र को सुदृढ़ कर आमजन को निर्बाध रूप से करें आपूर्ति

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में विद्युत तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न विद्युत निगमों एवं केन्द्रीय उपक्रमों के साथ हुए एमओयू के कार्यों को समयबद्ध पूरा करें, जिससे आमजन को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति हो सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन प्रोजेक्ट्स की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही, विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार हो जिससे आमजन, किसान तथा उद्यमी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में ऊर्जा विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि राज्य की भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत कुछ माह राज्य में विद्युत की मांग उपलब्धता से कहीं अधिक रहती है लेकिन अब राज्य सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में हाल ही में किए गए एमओयू के क्रियान्वयन से राजस्थान की विद्युत मांग की भी पूर्ति होगी तथा राज्य विद्युत उत्पादन में सरप्लस की श्रेणी में आ जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्रीय उपक्रमों से समन्वय स्थापित कर इन एमओयू का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी रबी फसल के सीजन को देखते हुए विभाग अपनी तैयारियां पूरी रखें जिससे किसानों को सिंचाई के लिए सुचारू विद्युत आपूर्ति मिल सके।



### सिंचाई के लिए दिन में बिजली देने पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा पीएम कुसुम योजना के माध्यम से इस लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए मिशन मोड पर काम किया जाए। अभियान चलाकर इस योजना का आमजन में प्रचार-प्रसार करें। वहीं किसानों को योजना से मिलने वाले लाभ के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करें।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

बैठक में ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, डिस्कॉम्स अध्यक्ष भानूप्रकाश एटरू, राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक नथमल डिडेल सहित मुख्यमंत्री कार्यालय तथा संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोलर पंप के लिए वित्तीय बाधा करें दूर

सीएम शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने में वित्तीय सहयोग के लिए जिला कलक्टर बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें जिससे इस प्रक्रिया में किसानों के लिए वित्तीय बाधा को दूर किया जा सके। गौरतलब है कि पीएम-कुसुम कंपोनेंट 'बी' के तहत 70 हजार से अधिक किसानों को योजना का लाभ मिल चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को आगामी 10 वर्ष की मांग को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनानी चाहिए जिससे भविष्य की मांग को वर्तमान के प्रोजेक्ट्स में शामिल किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को सरकारी कार्यालयों में रूफटॉप पर सोलर प्लांट के इंस्टालेशन के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि हाल ही में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य हुए एमओयू-पीपीए के माध्यम से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र के विकास में 1.60 लाख करोड़ के निवेश से 31 हजार 825 मेगावाट से अधिक की परियोजनाओं की स्थापना की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्रीय उपक्रमों द्वारा इस संबंध में साइट विजिट की जा चुकी है।

---

## खबरों में बेधड़क खबर




### गैलेंट्री की फाइल पर ब्रेवो की रणनीति

लालकोठी वाले भवन से हाल ही में एक गैलेंट्री की फाइल पर किए गए निर्णय को लेकर एक ब्रेवो साहब पीटर के साथ मिलकर काफी उछलकूद का खेला कर रहे हैं। गैलेंट्री की फाइल में खुद के चेले-चपाटों का नाम नहीं होने पर ब्रेवो व पीटर मिलकर रणनीति बना रहे हैं। इसके लिए वे अब खाकी में होने वाले बड़े तबादलों का इंतजार कर रहे हैं। फाइल एक चर्चित हत्यांकाड से जुड़ी हुई है, जिसमें पहले ब्रेवो ने अपने सेवा शुल्क वाले चेले-चपाटों का नाम भेज दिया था। लालकोठी वाले भवन में फाइल में गैलेंट्री की दौड़ की लंबी सूची देखकर खाकी वाले बड़े साहब हक्का-बक्का रह गए। साहब ने इसको लेकर दो बड़े अफसरों से चर्चा की तो हकीकत कुछ और ही निकली। ऐसे में फाइल फिर से बनाई गई और उसके आधार पर काम करने वालों को गैलेंट्री का तोहफा मिल गया। चर्चा है कि ब्रेवो ने फाइल के रिव्यू के लिए एक पीटर को तैयार किया है, ताकि तबादलों के बाद इस फाइल पर फिर से रिव्यू हो सके और खुद के लोगों को गैलेंट्री दिला सके।

### लॉयन को फटकार का डर

कानून व्यवस्था को लेकर हुई मीटिंग में लंबे समय से रेंज में लगे एक लॉयन साहब की कार्यशैली पर प्रदेश के मुखिया ने सवाल खड़े कर दिए। साहब की कार्यशैली से नाराज मुखियाजी ने मीटिंग में सभी अधिकारियों के सामने ही फटकार लगा दी और सुधार करने की नसीहत दे डाली। फटकार लगने के बाद लॉयन साहब को रेंज छिन जाने का डर सताने लगा है। ऐसे में साहब फिर से व्यवस्थाओं को माकूल बनाने के लिए लालकोठी वाले भवन के गलियारों में चक्कर लगाकर सीनियर्स के सामने सफाई देते फिर रहे हैं। साहब अफसरों के पास पहुंचकर अपने कामकाज का गुणगान करने में लगे हैं। चर्चा है कि इस माह के अंत में या फिर अगले माह के प्रथम सप्ताह तक अफसरों की तबादला सूची जारी होने वाली है। ऐसे में लॉयन साहब का इस तबादला सूची में नाम तय माना जा रहा है। लॉयन को पड़ी फटकार को लेकर खाकी में कई मायने निकाले जा रहे हैं।

### विशेष महारथी को आका का बुलावा

खाकी का एक विशेष महारथी और काले रंग की कार में घूमने वाले पीटर साहब इन दिनों काफी चर्चा में है। विशेष महारथी की राजधानी के दो नंबरियों से काफी अच्छी जुगलबंदी है। ऐसे में इस महारथी के कामकाज को लेकर कई अफसर सवाल उठा रहे हैं। क्योंकि महारथी की पोस्टिंग किसी दूसरी जगह है और कामकाज किसी दूसरी जगह कर रहे हैं। जहां पर महारथी अपना रूतबा बनाए हुए है, लेकिन महारथी का इन दिनों कई जगहों से 'सेवा' वाला काम ठप हो गया। ऐसे में महारथी ने अपने आका को परेशानी बताई तो आका ने महारथी को अपनी टीम में बुला लिया। महारथी को पहले आका पसंद नहीं करते थे, लेकिन महारथी ने आका की ऐसी सेवा कर दी कि वह उसके कायल हो गए। अब महारथी को आका ने अपनी टीम में तो बुला लिया, लेकिन विशेष महारथी के पैर आका तक पहुंचने में डगमगा रहे हैं। यह मामला खाकी के मातहतों में काफी चर्चा में है।

### तीसरे माले के लिए साहब की प्लानिंग

आचार संहिता खत्म होने के साथ ही खाकी समेत अन्य विभागों में तबादलों को लेकर चर्चा शुरू हो गई। खाकी में लालकोठी वाले भवन समेत, रेंज व जिलों में अफसरों का इधर-उधर होना तय माना जा रहा है, लेकिन खाकी में लालकोठी स्थिति सात मंजिला भवन के तीसरे माले की प्राइम प्रोस्टिंग लेने के लिए उस भवन में ही बैठने वाले एक साहब ने आराम के बाद अब एडी-चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। साहब यह पोस्टिंग हर साल में लेना चाह रहे हैं। क्योंकि साहब फिर से सीट पर बैठकर गुणा-भाग करेंगे। साहब अहसान करने में माहिर है। ऐसे में साहब ने बड़े नेताओं के साथ मिलकर रणनीति बनाना शुरू कर दिया। साहब की एक बड़ी खासियत है कि वे हर बार मैनेजर की तरह सैटिंग करके महत्वपूर्ण पद लेने में कामयाब हो जाते है। साहब की इस जोर-अजमाइस को लेकर खाकी में कई मायने निकाले जा रहे।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

---

**राजस्थान हाईकोर्ट ने की आरोपी की याचिका खारिज**

## जल जीवन मिशन मामले में जैन को जमानत देने से किया इनकार

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन से जुड़े करीब 630 करोड़ रुपए के गबन के मामले में ईडी की ओर से मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार किए आरोपी पीयूष जैन को जमानत देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी की जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है।

जस्टिस प्रवीर भटनागर की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। जमानत याचिका में कहा गया कि श्याम ट्यूबवैल कंपनी उसके पिता की है और उसका इस कंपनी से कोई लेना-देना नहीं है। इसके अलावा एसीबी ने भी उसके खिलाफ आरोप पत्र पेश नहीं किया है। वह लंबे समय से जेल में है। इसलिए उसे जमानत दी जाए। जिसका विरोध करते हुए ईडी की ओर से एएसजी आरडी रस्तोगी ने कहा कि ईडी के पास आरोपी की फोन रिकॉर्डिंग मौजूद है। वहीं फर्जीवाड़े की करीब 1.87 करोड़ रुपए की राशि आरोपी के खाते में जमा हुए थे। अदालत उसी स्थिति में जमानत दे सकती है, जब वह इस नतीजे पर पहुंचे की आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला नहीं बन रहा। इसके अलावा यह जरूरी नहीं की एसीबी एक्ट के तहत लिप्तता होने पर ही उसे मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में आरोपी माना जाए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन में फर्जी दस्तावेजों से करोड़ों रुपए के टेंडर लेने के मामले में एसीबी ने गत वर्ष श्याम ट्यूबवेल और गणपति ट्यूबवेल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।



## एएनएम संविदा भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने संविदा पर निकाली गई एएनएम भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में 3,058 पदों के लिए आयोजित कराई गई इस भर्ती परीक्षा में सफल रहे दोगुने अभ्यर्थियों को पात्रता जांच और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। 3 फरवरी 2024 को आयोजित कराई गई महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता भर्ती परीक्षा का रिजल्ट राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के ऑफिसियल वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। इस रिजल्ट में अंकित रोल नंबर वाले अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच और दस्तावेज सत्यापन के लिए सूचीबद्ध किया गया है। बोर्ड की ओर से जारी परिणाम में ये स्पष्ट किया गया है कि ये प्रोविजनल सूची है, जिसमें वरीयता के अनुसार दोगुने अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है। इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच और मूल दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पात्र पाए गए अभ्यर्थियों में से वरीयता के आधार पर श्रेणी वार अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज ने बताया कि ये भर्ती परीक्षा नॉन टीएसपी क्षेत्र के 2,770 और टीएसपी क्षेत्र के 288, कुल 3,058 पदों पर कराई गई थी। ये भर्ती पूरी तरह से संविदा पर आधारित है।

---

**कांग्रेस नेता गुंजल ने साधा निशाना**

# नीट परीक्षा में धांधली विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़

**बेधड़क** | जयपुर

नीट यूजी 2024 के परिणाम में धांधली का आरोप लगाकर कांग्रेस और विपक्षी दल लगातार केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने भी सरकार को आड़े हाथ लिया है।

उन्होंने कहा कि नीट यूजी परीक्षा में धांधली विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। लाखों विद्यार्थी दिन-रात मेहनत करके परीक्षा देते हैं, उनके माता-पिता की आंखों में भी बच्चों के भविष्य को लेकर एक सपना होता है, लेकिन परीक्षा करवाने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और सरकारों को उससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में धांधली से डॉक्टर बनने का सपना संजोए लाखों छात्रों का विश्वास टूटा है।





गुंजल ने कहा की परीक्षा में बैठे 23 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। हम यह साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। कोटा में लाखों बच्चे डॉक्टर बनने का सपना लिए पढ़ने आते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से नीट यूजी परीक्षा के स्कैम की एसआईटी या सीबीआई से जांच और नए सिरे से परीक्षा करवाने की छात्रों की मांग उचित है। हम सभी संघर्ष में छात्रों और उनके परिवार जनों के साथ खड़े हैं।

### कई छात्रों के समान नंबर, बड़ी गड़बड़ी का संकेत

कांग्रेस नेता गुंजल ने कहा कि एक ही सेंटर से एक साथ कई छात्रों के 720 में से 720 अंक आना किसी बड़ी गड़बड़ी का संकेत दे रहा है। एनटीए के दिए ग्रेस अंक से छात्रों के सेकेंड पोजीशन में 716 अंक होने चाहिए, जबकि कई छात्रों के 719 व 718 अंक आए हैं, जो संभव ही नहीं है।

### एनएसयूआई ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

छात्र संगठन एनएसयूआई भी लगातार इस मामले में आंदोलन कर रही है। मंगलवार को कोटा एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी को जिला अध्यक्ष विशाल मेवाड़ा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। उनकी मांग नीट परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की है। इसको लेकर पहले से ही हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि अचानक से नीट यूजी का रिजल्ट घोषित कर देना। बड़ी संख्या में टॉपर और एक ही सेंटर से टॉपर आना गड़बड़ी को उजागर कर रहा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कोई कदम नहीं उठा रही है। देश भर में प्रदर्शन हुए हैं, लेकिन सरकार के कान में जू नहीं रेंग रही है। ऐसे में हम राष्ट्रपति महोदय से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

## मानसून नजदीक, नालों की नहीं हो रही सफाई

**चाकसू।** स्वायत्त शासन विभाग एवं जिला कलेक्टर ने मानसून से पहले नालों एवं बारसाती पानी की आवक के रास्तों से अवरोध हटाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन कस्बे में इस आदेश का असर नहीं दिख रहा है। नाले नालियों में कचरा, कीचड़ एवं गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मामूली बरसात होते ही गंदगी सड़कों पर बहने लगती है। सफाई नहीं होने से बीमारियां पनपने की आशंका बनी हुई है।

पार्षद दिनेश शर्मा एवं ठेकेदार राधेश्याम शर्मा सहित जानकार लोगों का मानना है कि कस्बे में सीसी रोड का निर्माण तो हो रहा है, लेकिन नालियां नहीं बनने से गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनकी समय पर सफाई तक नहीं हो पाती। आए दिन दुर्घटनाएं भी होती रहती है। मानसून से पूर्व युद्ध स्तर पर इनकी सफाई होना जनहित में जरूरी है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शंभू लाल मीणा एवं स्वास्थ्य निरीक्षक हंसराज मीणा ने बताया कि नाले-नालियों की सफाई के लिए हर साल अलग से टेंडर होते हैं, लेकिन इस बार लम्बे समय तक चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण समय पर टेंडर नहीं हो सके। इसके बावजूद नगरपालिका के पास उपलब्ध संसाधनों से ही नालियों व नालों की सफाई और कचरा निस्तारण के प्रयास कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के चुनाव की मांग



**जयपुर।** पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत महानगर जयपुर के 2 वर्ष से अधिक समय से चुनाव नहीं होने से समाज में रोष है। चुनाव कराने की मांग को लेकर सिंधी समाज की एक मीटिंग सर्वानंद पार्क हाल राजापार्क में सिंधी एकता ग्रुप के तत्वाधान में हुई। मीटिंग में मुखी जनों ने कहा कि संस्था के चुनाव दो वर्ष में होने चाहिए जो कि नहीं हुए। वर्तमान में जो भी बिना चुनाव आदि के अध्यक्ष हैं, उन्हें इस्तीफा देकर चुनाव की घोषणा करनी चाहिए। यदि विधि विधान से चुनाव नहीं कराए जाते हैं तो ऐसी स्थिति में सभी मुखी जन आंदोलन कर कानूनी कार्रवाई करेंगे। मीटिंग में रमेश हरपलानी, तुलसी त्रिलोकानी, गणेश राजपाल, टीकमदास खटवानी, अनिल लोहाना, कन्हैयालाल लखवानी, गोविंद राम टहलानी, उत्तम चंद बच्चानी सहित जयपुर शहर के प्रमुख मुखीजन एवम सिंधी समाज के कार्यकर्ता और समाज के प्रमुख जन उपस्थित थे।

### कैरिंग चालान 64 हजार वसूला, 40 kg प्लास्टिक जब्त

**जयपुर।** हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए मंगलवार को 64 हजार 650 रुपए का कैरिंग चालान किया है। इस अभियान के संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें निगम की सीएसआई-एसआई टीम ने 15900 रुपए कैरिंग चार्ज, चालान प्रकोष्ठ ने 20 हजार रुपए और वॉच राइडर ने 27200 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया। साथ ही 40 किलो प्लास्टिक भी जब्त की है।

**शहर के तीन पार्कों में हो चुकी शुरुआत,** हेरिटेज निगम आमजन के लिए जल्द कराएगा उपलबध

# पार्क में गिरे पेड़ के पत्तों से तैयार की जा रही जैविक खाद

**बेधड़क** | जयपुर

मानसून की शुरुआत के साथ ही शहर में जगह-जगह पर पौधारोपण की शुरुआत हो जाएगी। ऐसे में हेरिटेज निगम ने पहल करते हुए पार्कों में पेड़ों के गिरे हुए पत्तों से खाद बनाना शुरू कर दिया है। अब जल्द ही हेरिटेज निगम पौधारोपण में विशेष सहायक जैविक खाद को आमजन के लिए उपलबध कराएगा। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उद्यान शाखा ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। शुरुआत में स्वयं सहायता समूह के सहयोग से हेरिटेज निगम क्षेत्र में आने वाले तीन पार्कों में जैविक खाद बनाई जा रही है। जल्द ही निगम की उद्यान शाखा सभी पार्कों में खाद को बनाना शुरू करेगी।



### 2 टन के करीब खाद हो चुकी तैयार

उद्यान शाखा उपायुक्त सरोज ढाका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर आदर्श नगर के शहीद भगतसिंह पार्क, कल्पना चावला पार्क और शास्त्री नगर में राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित पार्क में जैविक खाद तैयार की जा रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पूरी प्रकिया से खाद तैयार कर रही है। प्रत्येक पार्क में दस-दस महिलाओं का समूह काम कर रहा है। तीनों पार्क में अब तक करीब 2 टन के करीब खाद तैयार की जा चुकी है। निगम की ओर से जल्द ही इसे बेचने के लिए आमजन के लिए उपलबध कराएगा।

### बाजार की खाद की तुलना में ज्यादा मिनरल्स

महिलाएं पार्क में गिरी हुई पेड़ की पत्तियों को इकठा करती हैं। इनके अलावा पास के ही अन्य छोटे पार्क से भी पत्तियां लाती हैं। पत्तियों में से प्लास्टिक या अन्य कचरा बाहर किया जाता है। इसके बाद शेडर मशीन से जैविक प्रक्रिया से इसे तैयार किया जाता है। इसमें कैमिकल की जगह दही, बेसन आदि विधि अनुसार मिलाया जाता है। इसके बाद तेज धूप में सुखाया जाता है। फिर दुबारा छानकर पैकिंग कराई जाती है। खाद को बनाने में करीब 25 दिन का समय लगता है। पूरी तरह से जैविक प्रक्रिया अपनाने के कारण इस खाद में बाजार की खाद के मुकाबले ज्यादा मिनरल्स होते हैं। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और पौधे जल्द पनप पाते हैं।

> शुरुआत में तीन पार्कों में खाद तैयार कराई गई है। जल्द ही निगम के अन्य पार्कों में भी खाद तैयार कराई जाएगी। हेरिटेज निगम की ओर से आमजन के लिए तीन लाख पौधे वितरित किए जाएंगे। इसी दौरान किफायती दाम में ये जैविक खाद भी आमजन के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
>
> **अभिषेक सुराणा,** आयुक्त, नगर निगम हेरिटेज।

**यूडीएच मंत्री बोले-** गहलोत सरकार में जारी 9 लाख पट्टों का करेंगे रिव्यू

# गड़बड़ी मिली तो पट्टा निरस्त होगा, दोषी पर होगी कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

भजनलाल सरकार ने गहलोत सरकार के कार्यकाल में 'प्रशासन शहरों के संग अभियान' में जारी 9 लाख से ज्यादा पट्टों का रिव्यू करवाने का निर्णय लिया है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि पिछली सरकार में 'प्रशासन शहरों के संग अभियान' में बड़ी संख्या में मकानों के पट्टे जारी किए गए थे। इसमें बड़ी गड़बड़ी की शिकायतें सामने आ रही थीं। ऐसे में सरकार के स्तर पर अब जल्द ही पूर्व में जारी किए गए गलत पट्टों का रिव्यू किया जाएगा। खर्रा ने कहा- इसको लेकर ही जल्द ही आम जनता से शिकायतें मांगी जाएंगी। उसके आधार पर आला अधिकारियों की देखरेख में पट्टों की जांच की जाएगी। खर्रा मंगलवार को सचिवालय में एंपावर्ड कमेटी की बैठक में शामिल हुए थे। यूडीएच मंत्री ने कहा- अगर जांच में अनियमितता या गड़बड़ पाई जाती है तो संबंधित पट्टे को निरस्त कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही वर्तमान में भी प्रदेशभर में पट्टों को लेकर काफी प्रकरण लंबित चल रहे हैं। ऐसे में प्रशासन शहरों के संग अभियान को आगे बढ़ाने को लेकर जल्द रिव्यू कर अंतिम फैसला किया जाएगा।



### आईपीडी टावर का निर्माण 24 मंजिल तक करेंगे

सचिवालय में एंपावर्ड कमेटी की बैठक में यह फैसला भी किया गया कि जयपुर में आईपीडी टावर का निर्माण 24 मंजिल तक ही किया जाएगा। पार्किंग और मॉर्च्युरी के निर्माण के साथ ही फंड की कमी को लेकर भी चर्चा की गई। इसके समाधान को लेकर अब अगले सप्ताह बैठक का आयोजन किया जाएगा। यूडीएच मंत्री खर्रा और हेल्थ मिनिस्टर गजेंद्र सिंह खींवसर की मौजूदगी में एंपावर्ड कमेटी की बैठक में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने आईपीडी टावर की मौजूदा स्थिति और अब तक हुए खर्चों का ब्योरा पेश किया। यूडीएच मंत्री ने कहा- मौजूदा हालात के रिव्यू के बाद आईपीडी टावर को 24 मंजिल का बनाने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही अंडरग्राउंड पार्किंग और विश्वस्तरीय मॉर्च्युरी के निर्माण को लेकर जो समस्याएं आ रही थीं। इसके समाधान के लिए सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के अधीक्षक, कंसल्टेंट और जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को अगले 7 दिन का वक्त दिया गया है। वे इन दोनों प्रोजेक्ट से जुड़े जो भी प्रस्ताव हैं, उनकी विजिबिलिटी चेक कर हेल्थ मिनिस्टर को रिपोर्ट सौंपेंगे। उसके बाद एक और एंपावर्ड कमेटी की बैठक होगी। इसमें अंतिम फैसला लिया जाएगा।

### नगर निकायों का सीमांकन फिर से होगा

झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रदेशभर के सभी नगर निकायों का सीमांकन फिर से किया जाएगा। अगर जरूरत पड़ी, तो विस्तार भी किया जाएगा। अगर पूर्व में कहीं कोई गलत सीमांकन हुआ है, तो उसमें सुधार भी किया जाएगा।

### 2025 तक पूरा हो जाएगा निर्माण कार्य

खर्रा ने कहा- आईपीडी टावर के निर्माण कार्य में फंड की कमी को दूर करने के साथ ही सड़क चौड़ी करने और विश्वविद्यालय की जमीन लेने की प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई है। ऐसे में अब उच्च शिक्षा मंत्री विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ बैठक कर जल्द ही इस समस्या का समाधान करेंगे। इसके साथ ही 2025 तक इसके निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

**हरमाड़ा थाने में तैनात है आरोपी**

# एसआई ने मांगी 2 लाख की रिश्वत, 40 हजार लेते ट्रैप



**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी ने हरमाड़ा थाने में तैनात एसआई को मंगलवार को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी एसआई सोनूराम वर्ष 2021 बैच का एसआई है।

एसीबी के डीजी रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई को पीड़ित ने शिकायत दी गई कि उसके खिलाफ दर्ज शिकायत में धारा हल्की करने, आरोपी परिवार के एक सरकारी कर्मचारी को केस में मुलजिम नहीं बनाने तथा अधिक रिमांड नहीं लेने की एवज में प्रति व्यक्ति 40 हजार रुपए के हिसाब से आरोपी सोनूराम एसआई पुलिस थाना हरमाड़ा 2 लाख रुपए की मांग कर परेशान कर रहा हैं। इस पर डीआईजी डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी की जयपुर नगर प्रथम इकाई के एडिशनल एसपी भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया। सत्यापन होने पर डिप्टी नीरज गुरनानी ने आरोपी सोनूराम उपनिरीक्षक पुलिस (बैच-2021) पुलिस थाना हरमाड़ा को परिवादी से 40 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**मिलावट के खिलाफ अभियान में कार्रवाई**

## वीकेआई में 887 लीटर नकली घी सीज

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को बढारणा, विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में 887 लीटर घी सीज किया गया और 2 सैम्पल लिए गए। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में की गई। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि क्राइम ब्रांच की सूचना के आधार पर विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में



श्री अन्नू मिल्क प्रोडक्ट लिमिटेड पर कार्रवाई की गई। यहां से डेयरी फ्रेश एवं बिलोना घी के 2 सैंपल लिए गए। इनको जांच के लिए लैब में भेजा जाएगा। साथ ही यहां 887 लीटर घी अमानक स्तर का होने के कारण सीज किया गया। टीम में सीएमएचओ रवि शेखावत, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रतन गोदारा, नरेश चेजारा, नरेश शर्मा और पवन गुप्ता मौजूद रहे। क्राइम ब्रांच के इंसपेक्टर सुभाष सिंह भी अपनी टीम के साथ मौके पर कार्रवाई के लिए उपस्थित थे।

**स्थापना दिवस पर पुलिसकर्मियों ने ब्लड डोनेट किया, पौधे लगाए**

## सोमानी को DGP डिस्क, हरीश-जीवा को सेवा चिह्न

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस के 75वें स्थापना दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन, जयपुर ग्रामीण में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पुलिस महानिरीक्षक, जयपुर रेंज अनिल कुमार टांक ने पुलिस परेड की सलामी ली।

समारोह में पुलिस महानिरीक्षक ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरिप्रसाद सोमानी को डीजीपी डिस्क, कांस्टेबल हरीश कुमार शर्मा एवं जीवाराम को सर्वोत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस महानिरीक्षक ने



*जयपुर। राजस्थान पुलिस के 75वें स्थापना दिवस के मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र भगत को डीजीपी डिस्क प्रदान करते डीजीपी इंटेलीजेंस।*

आमजन शुभम झालानी, सुरेश चंद, आर.सी. यादव, मदनलाल, मुन्ना खान, शाहरुख खान, नजमू कुरैशी, सुनील असवाल को भी जीवन रक्षा एवं सड़क दुर्घटना में उनके साहसिक कार्य के लिए सम्मानित किया। स्थापना दिवस समारोह में रक्तदान शिविर लगाया गया एवं पुलिस प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। रेंज आईजी अनिल कुमार टांक, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. हरिप्रसाद सोमानी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पौधारोपण किया। इससे पहले जयपुर ग्रामीण जिले के पुलिस थानों, पुलिस लाइन एवं कार्यालयों की सफाई भी की गई।

पुलिस स्थापना दिवस समारोह में पुलिस अधिकारियों, पुलिसकर्मियों सहित सीएलजी सदस्यों, शांति समिति के सदस्यों, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों सहित आमजन की भी मौजूदगी रही।

**समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# खुले में पशुओं की कटाई करने वालों के लाइसेंस रद्द करें: महापौर

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज निगम मुख्यालय में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हेरिटेज निगम महापौर मुनेश गुर्जर ने निगम के सभी अधिकारियों से निगम के काम काज की प्रगति जानी। इस दौरान हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सभी शाखाओं और जोन में चल रहे कार्यों के बारे में बताया।

वहीं, समीक्षा बैठक में महापौर मुनेश गुर्जर ने खुले में मांस बेचने और अवैध डेयरियों को लेकर चिंता जाहिर की। महापौर ने निगम क्षेत्र में चल रही मीट की दुकानों पर खुले में मांस बेचने पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयपुर को विश्व विरासत



का दर्जा मिला हुआ है। फिर भी कई जगहों पर अवैध बूचड़खाने चल रहे हैं। खुले में पशुओं की कटाई की जा रही है। ऐसे लोगों को चिह्नित कर उनाक लाइसेंस रद्द करें, साथ ही उन्हें सीज कर कार्रवाई की जाए। साथ ही महापौर ने स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर की रैंक अच्छी लाने के लिए पूरी टीम को जुट जाने के लिए कहा।

### अवैध डेयरियों के खिलाफ करें कार्रवाई

साथ ही, महापौर ने अवैध डेयरियों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जयपुर शहर को विश्व विरासत का दर्जा मिला हुआ है, फिर भी कई सड़कों पर खुले में गायों को चारा खिलाने पर गंदगी कर रहे है। जबकि निगम की ओर से इन्हें शहर से बाहर जगह भी अलॉट की जा चुकी है। ऐसे में इन पर जल्द कार्रवाई की जाएं।

### अच्छी रैंक के लिए मिलकर कर रहे काम

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर निगम कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरी निगम टीम स्वच्छता सर्वेक्षण में जुटी हुई है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए आमजन के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। आयुक्त सुराणा ने अमृत 2.0 के तहत निगम के कार्य और प्रोजेक्ट के बारे में भी जानकारी दी। वहीं, महापौर मुनेश गुर्जर ने योग दिवस पर सभी जोन में योग एक्टिविटी कार्यक्रम की तैयारियों के लिए भी निर्देश दिए।

## जरूरी खबर

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



**उदयपुर**। 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम तथा योग सप्ताह की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर के निर्देशन में बैठक हुई। सीईओ कीर्ति राठौड़ की अध्यक्षता तथा एडीएम सिटी राजीव द्विवेदी के सान्निध्य में ये बैठक आयोजित हुई। बैठक में योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'महिला सशक्तिकरण' रखी गई है। सहायक नोडल अधिकारी औदिच्य ने बताया कि 16 जून से योग सप्ताह प्रारंभ होगा। इसमें प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### सांभर झील में नर कंकाल मिलने से मचा हड़कंप

**कुचामनसिटी**। डीडवाना कुचामन जिले के नावां थाना क्षेत्र में सांभर झील में मंगलवार सुबह लोगों ने एक नर कंकाल देखा। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। एसपी राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि नर कंकाल झील के सूखे हिस्से में पड़ा था। थाना प्रभारी जोगेन्द्र ने मौके पर पहुंचकर नर कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थानाधिकारी जोगेंद्रसिंह ने बताया कि झील क्षेत्र में खाखड़की रोड से खारडे की तरफ जाने वाले रास्ते में झील में मिट्टी में दबा पुराना नर कंकाल दिखाई दिया। हड्डियों का विसरा लैब में भिजवाया जाएगा। इसके बाद पहचान के प्रयास किए जाएंगे। मौके से एक शर्ट भी पुलिस ने बरामद की है।

### बिजली-पानी की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन




**जैसलमेर**। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नासूर बनी बिजली और पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उम्मेद सिंह तंवर के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने ज़िला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन दिया। इसमें दोनों समस्या को लेकर जिला प्रशासन से मिलकर त्वरित समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में 10 से 15 दिनों तक नियमित पेयजल सप्लाई नहीं मिलती, साथ ही कई घंटों तक बिजली नहीं मिल पाती। इससे आम जनता में भयंकर रोष व्याप्त है।

**खुशखबरी:** सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़कर हुआ 43, चार माह में 13 नए शावक

# अकबरपुर रेंज में 3 शावकों के साथ दिखी बाघिन एसटी-17

**बेधड़क** | अलवर



टाइगर रिजर्व सरिस्का से वन्यजीव प्रेमियों के लिए फिर खुशी वाली खबर मिली है। अब बाघिन एसटी-17 के साथ तीन नए शावक अकबरपुर रेंज में कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए हैं। सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़ कर अब 43 का हो गया है, सरिस्का में अब 11 मेल टाइगर, 14 फीमेल टाइगर और 18 शावक हैं।

वन मंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का में निरंतर बढ़ रही बाघों की संख्या पर खुशी जताई है। यहां आने वाले वन्यजीव प्रेमियों और पर्यटकों को अब बाघों के दीदार भी आसानी से होंगे। सरिस्का की अकबरपुर रेंज में बाघिन एसटी-17 के साथ कैमरा ट्रैप में तीन नन्हे शावक दिखाई दिए हैं। सरिस्का में पिछले 4 महीने में 13 नए शावक मिले हैं। इससे पहले 13 मार्च को बाघिन एसटी-12 तीन शावकों के साथ नजर आई थी। 30 मई को बाघिन एसटी-22 के साथ 4 शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिए थे। साथ ही बाघिन एसटी- 12 का एक और शावक कैमरा ट्रैप में दिखाई दिया।

वहीं 29 मई को बाघिन एसटी-27 के साथ दो शावक नजर आए थे। वहीं 11 जून को बाघिन एसटी-17 के साथ तीन और नए शावक दिखाई दिए हैं। यानी 13 दिनों में सरिस्का को 10 नए शावक मिले हैं। सरिस्का में लगातार दिख रहे नए शावकों पर वन्यजीव प्रेमियों ने खुशी जताई है।

#### टीम कर रही मॉनिटरिंग

नए शावकों के जन्म होने के बाद सरिस्का में बाघों का कुनबा बढ़कर 43 हो गया है। सरिस्का प्रशासन की ओर से बाघिन व शावकों पर नजर रखी जा रही है। सरिस्का की टीम उनकी मॉनिटरिंग कर रही है, अभी बाघिन एसटी-17 अकबरपुर रेंज में मूवमेंट कर रही है। वनविभाग के कर्मचारियों की टीम शावकों और बाघिन के मूवमेंट पर नजर जमाए हुए है। वहीं सरिस्का में बाघों की स्वच्छंद विचरण और उन्हें उनके अनुकूल माहौल देने के लिए पूरे वनविभाग पूरी तरह से सतर्क है।

#### वनमंत्री ने जताई खुशी

सरिस्का में निरंतर बाघों का कुनबा बढ़ने पर राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा ने खुशी जताई है। सरिस्का में बाघों की बेहतर मॉनिटरिंग के चलते बाघों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। नए शावक सरिस्का का भविष्य हैं। आगामी समय में सरिस्का टाइगर रिजर्व में युवा बाघों का राज होगा। इससे सरिस्का की ख्याति बढ़ने के साथ ही पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

**केमिकल व गंदे पानी से मौत की आशंका,** पार्षद ने उठाए सवाल

# मनोहर तालाब में मरी मछलियां बदबू से सांस लेना भी मुश्किल

**बेधड़क** | चाकसू





मनोहर तालाब में इन दिनों हजारों मछलियां मर गई, जो पानी के ऊपर तैरती नजर आ रही है। वहीं मछलियों के मरने से आस-पास की कॉलोनियों के लोगों का जीना मुहाल रहो रहा है। बदबू के चलते स्थानीय लोगों और आस-पास के मंदिरों में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है मत्स्य विभाग की ओर से गोलीराव व मनोहर तालाब में मछली पालने का ठेका दिया हुआ है, लेकिन यहां गोलीराव तालाब में पानी पूरी तरह सूख गया है, जिससे इसमें एक भी मछली नही है। वहीं टोंक रोड की तरफ मनोहर तलाब में वैसे तो वर्षा का पानी सूख गया, लेकिन इस तालाब में पास की बस्तियों का गंदा पानी नालों के माध्यम से आ रहा है जो बीच मे जमा है। इसमे ही ठेकेदार मछली पालन कर रहा है।

पिछले दो दिन से तलाब में मछलियों के मरने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके चलते हजारों की तादाद में मछलियों ने दम तोड़ दिया और वह पानी के ऊपर आ गई है। वहीं इस मामले में लोगो का कहना है तालाब में जो बस्तियों का गंदा पानी आया है इसमें कईं तरह केमिकल व गंदगी से मछलियों की मौत हुई है। वहीं कुछ लोगो ने बताया इन दिनों भीषण गर्मी से पानी का तापमान बढ़ गया है और इसमें ऑक्सीजन का लेवल कम हो गया, जिससे मछलियों में श्वसन में दिक्कत होने से मौत हुई है।

> मनोहर तालाब में लाखों की तादात में हुई मछलियों की मौत ठेकेदार की कार्य शैली पर प्रश्न चिह्न है। मछलियों के मरने का कारण मुख्यतः किसी के द्वारा विषैला पदार्थ या केमिकल तालाब में डालना है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए व भविष्य में मनोहरा तालाब में मत्स्य पालन का ठेका नहीं हो।
>
> **दिनेश शर्मा, स्थानीय पार्षद, नगरपालिका, चाकसू।**

> तालाब में मछलियों के मरने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर पालिका के कार्मिकों को मौके पर भिजवाया गया। आस-पास में बदबू की शिकायत होने के चलते मृत मछलियों को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया है। इस मामले की जांच की जाएगी।
>
> **शंभूलाल मीणा, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका चाकसू।**

#### जेसीबी से गड्ढे कर दफनाया

बड़ी संख्या में मछलियों के मरने से क्षेत्र में बदबू से लोगों का बुरा हाल हो गया। लोगों ने इसकी शिकायत की। नगरपालिका ने लोगो की शिकायत पर मंगलवार को तालाब पर जेसीबी की मदद से गहरे गड्ढे करके उनमें मरी मछलियों को दफना दिया है। इससे कुछ हद तक लोगों को बदबू से राहत मिली है।

#### जांच कर होनी चाहिए कार्रवाई

वार्ड पार्षद दिनेश शर्मा ने मछलियों की मौत पर सवाल उठाते हुए कहा कि मनोहर तालाब चाकसू में लाखों की तादात में हुई मछलियों की मौत को लेकर ठेकेदार की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। तालाब में भारी संख्या में मछलियों की मौत होना संभव है। मछलियों के मरने का कारण मुख्यतः किसी के द्वारा विषैला पदार्थ या केमिकल तालाब में डालना है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

**फर्जी डिग्री मामले में SOG की कार्रवाई**

# मेवाड़ यूनिवर्सिटी का परीक्षा कंट्रोलर व सेक्शन ऑफिसर गिरफ्तार




**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

आरपीएससी की हिंदी लेक्चरर भर्ती परीक्षा का फॉर्म फर्जी डिग्री के जरिए भरने के मामले में एसओजी ने एक बार फिर मेवाड़ विश्वविद्यालय गंगरार पर शिकंजा कसा है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने परीक्षा कंट्रोलर और सेक्शन ऑफिसर को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में विश्वविद्यालय के डीन सहित पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप अजमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सोनी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है।

विश्वविद्यालय के डिप्टी कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन सुशील शर्मा को रिमांड पर लिया गया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया है कि इस गिरोह के तार दिल्ली तक जुड़े हैं। मामले में विश्वविद्यालय के और भी कर्मचारियों की गिरफ्तारी हो सकती है। सोनी ने बताया कि डिप्टी कंट्रोलर शर्मा दिल्ली से ये फर्जी डिग्री तैयार करवाता था और 20 मार्च को गिरफ्तार हुई कैंडिडेट का भाई सेक्शन ऑफिसर राजेश सिंह के संपर्क में था। दोनों ही डिग्री खरीद कर लाए थे। राजेश के जरिए ही सुशील शर्मा और यूनिवर्सिटी के डीन कौशल किशोर चंदरुल तक कांटेक्ट होता था। बाद में सुशील ही दिल्ली से ही फर्जी डिग्री तैयार करवाता था।

इस पूरे फर्जीवाड़ में एक बड़ा नेटवर्क है जिसमें जल्द ही अन्य लोगों की गिरफ्तारी होगी। फर्जी डिग्री मामले में विश्वविद्यालय के दो और अधिकारियों की गिरफ्तारी के साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारियों में खलबली मची है। बता दें कि इस मामले में 20 मार्च को एसओजी ने दो महिला कैंडिडेट कमल और ब्रह्म कुमारी के बाद मेवाड़ यूनिवर्सिटी के डीन कौशल किशोर चंदरुल सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

**एमपी से लाई गई थी नशे की बड़ी खेप,** चालक धरा

# 5.35 करोड़ का डोडा-चूरा पकड़ा

**बेधड़क** | अजमेर



पुलिस ने किशनगढ़-ब्यावर मार्ग पर एक ट्रक से डोडा चूरा की बड़ी खेप पकड़ी है। पकड़े गए डोडा चूरा की बाजार कीमत करीब 5 करोड़ 35 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक के साथ एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। 181 कट्टों में भरा 3566.8 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया गया।

आदर्श नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 10 जून को थाने के आगे नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान किशनगढ़ से ब्यावर वाले मार्ग पर एक ट्रक आता दिखाई दिया। संदेह होने पर ट्रक को रोक कर चेक किया गया तो ट्रक में प्लास्टिक के कट्टों में डोडा चूरा भरा हुआ मिला। कुमावत ने बताया कि 181 कट्टो में अफीम का डोडा चूरू भरा हुआ था। आरोपी शेराराम बिश्नोई को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी दिनेश कुमावत ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मध्य प्रदेश के गांधी सागर डेम क्षेत्र से डोडा-चूरा ट्रक में भरकर लाया था। कुमावत ने बताया कि भीकमकोर, लोहावट, जोधपुर ग्रामीण में ले जाकर अन्य तस्कर को यह डिलीवर करना था। पुलिस आरोपियों पूछताछ कर रही है।

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवरटेक करते समय हुआ हादसा**

# ट्रक से टकराई बोलेरो, तीन की मौत

**बेधड़क** | नागौर



जिले के नागौर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार शाम करीब पांच बजे सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख पुखार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को मोर्चरी में रखवाया है।

फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खींवसर क्षेत्र के नंदवाणी गांव के माधाराम देवासी (45), गुड़िया निवासी मेहराम देवासी (60) और तोड़ियाना निवासी भीकाराम देवासी (48) बोलेरो में सवार होकर गुड़िया से नंदवाणी जा रहे थे। गाड़ी नंदवाणी गांव का रहना वाला विजय सिंह चला रहा था। नागौर-जोधपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर टांकला के पास एक ट्रक को ओवरट्रेक करते समय सामने से आ रहे ट्रक से बोलेरा टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे में माधाराम, मेहराम और भीकाराम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, हादसे में विजय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतकों के शव खींवसर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी ले रही है।

**सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री ने दिया धरना**

# बढ़ते अपराधों से पुलिस के प्रति विश्वास हुआ कम: चांदना

**बेधड़क** | बूंदी



जिले के हिंडोली विधानसभा क्षेत्र में बिगड़ी कानून-व्यवस्था और बढ़ रहे चोरी, डकैती, लूट हत्या, नशे के व्यापार, बिजली समस्या, अवैध वसूली को रोकने को लेकर पूर्व राज्य मंत्री एवं हिंडोली विधायक अशोक चांदना ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को हिंडोली थाने के बाहर सांकेतिक धरना दिया।

इस दौरान चांदना ने विभिन्न मांगों का मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी व पुलिस उपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। इसमें 5 दिन के अंदर लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की तथा मांग पूरी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हिंडोली के नेतृत्व में आयोजित सांकेतिक धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विधायक अशोक चांदना ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है पूरे प्रदेश में अपराध बढ़े हैं। प्रदेश की कानून-व्यवस्था बिगड़ी है, जिसके चलते आए दिन चोरी, डकैती, लूट, हत्या, जुआ-सट्टा और नशे के व्यापार जैसे अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले कुछ दिनों से विधानसभा क्षेत्र में संगीन अपराध बढ़े हैं, जिन पर रोक लगना अत्यंत आवश्यक है। अपराधों के बढ़ने से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास कम हुआ है।

#### लूट की वारदात का खुलासा करने की मांग

चांदना ने सोमवार को ई-मित्र संचालक की आंखों में मिर्ची डालकर की गई 5 लाख की लूट के आरोपियों को पांच दिन के भीतर गिरफ्तार करने की पुलिस प्रशासन से मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होने पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ 5 दिन बाद जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। वहीं, हिंडोली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया कि घटना को गंभीरता से लेते हुए टीमें गठित कर अलग-अलग स्थानों पर भेजी गई है। मौके से मिले साक्ष्य व सीसीटीवी फुटेज व कार के नंबर के आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है। जल्द लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

#### बिजली की समस्या और अवैध वसूली बढ़ी

विधायक चांदना ने कहा कि क्षेत्र में बिजली की बड़ी समस्या चल रही है। जानबूझकर रात-दिन कटौती की जा रही है। उन्होंने बिजली के अधिकारियों व कर्मचारियों को गांव में नहीं घुसने देने की बात कही तो वहीं ट्रैफिक पुलिस पर सब्जी लेकर जाने वाले किसानों तथा आमजन को जबरदस्ती परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस पर जबरन अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है।

# चोरी के आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन

**बेधड़क** | चाकसू



गोलीराव तालाब किनारे स्थित खॉल के बालाजी आश्रम से पिछले दिनों भोजनशाला के पास स्थित बर्तन भंडार से चोर एल्युमिनियम के 17 बड़े भगोने एवं 8 बड़ी परात व अन्य बर्तन पार कर लें गए।

बालाजी ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट अर्जुन सिंह हिंगोनिया ने पुलिस को सूचना दी एवं चोरी की रिपोर्ट भी दर्ज करवाई। 10 जून को जांच अधिकारी कोतवाल दिनेश चंद्र शर्मा एवं रीडर सुरज्ञान वारदात स्थल की जांच करने पहुंचे एवं प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष नारायणलाल शर्मा एवं वरिष्ठ सदस्य अर्जुनसिंह की उपस्थिति में पूरी जानकारी की प्राप्त की। सदस्यों ने अनुसंधान अधिकारी के समक्ष यह जानकारी भी रखी कि उसी समय कोटखावदा रोड कृषि मंडी के सामने स्थित जीआर पैराडाइज मैरिज गार्डन से भी बर्तन चोरी हो जाने की सूचना मिली थी।

कोटखावदा में किसी कबाड़ी को बेचने की सूचना पर दो तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा। संभावना लगती है बालाजी मंदिर की चोरी में भी उन्हीं लोगों का हाथ हो सकता है। अनुसंधान अधिकारी ने आरोपियों को जल्द पकड़ने का आश्वासन दिया।

## फार्मासिस्ट भर्ती 2023 का मामला, चिकित्सा विभाग की ओर से अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट्स की जांच में हुआ खुलासा

# फिर निकला फर्जीवाड़ा, 136 अभ्यर्थियों ने लगाए फर्जी दस्तावेज

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा विभाग में 2859 पदों पर होने जा रही फार्मासिस्ट भर्ती में फर्जीवाड़ा निकलकर सामने आया है। यह जानकारी अभ्यर्थियों के डॉक्युमेंट्स की जांच में सामने आई है। इसमें डॉक्युमेंट्स में घालमेल कर कई अभ्यर्थी फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी लेने की फिराक में थे। आवेदन और उनके साथ अटैच डॉक्युमेंट्स की जब जांच की गई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। कई अभ्यर्थियों ने मध्यप्रदेश, झारखंड, मेघालय, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश समेत अन्य राज्यों के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी की बी.फार्मा की फर्जी डिग्री लगा रखी थी। अब तक ऐसे 136 अभ्यर्थी सामने आए हैं। जो विभाग की रडार पर है।




### एक साल पहले निकाली गई थी भर्तियां

दरअसल पिछले साल मई 2023 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भर्ती के लिए आवेदन मांगे थे। 2895 पदों पर प्रस्तावित इस भर्ती में एग्जाम न लेकर सीधे डॉक्युमेंट और अनुभव के आधार पर भर्ती की जानी है। 5,103 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इन आवेदनों की जांच करने के बाद डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई, जो वर्तमान में जारी है। डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के बाद इनकी मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी और योग्य अभ्यर्थियों को जॉइनिंग दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया नोडल एजेंसी शिफू की ओर से की जा रही है।

### ऐसे खुला फर्जीवाड़ा

जानकारी के मुताबिक, जब इन अभ्यर्थियों के डॉक्युमेंट यूपी की वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश की आईईसी यूनिवर्सिटी, रांची (झारखंड) की वाईबीएन यूनिवर्सिटी और मेघालय की विलियम कैरी यूनिवर्सिटी में भेजे गए तो वहां इनके रिकॉर्ड नहीं मिले। इन सभी की मार्कशीट सत्यापित नहीं पाई गई। अलग-अलग राज्यों की करीब 10 यूनिवर्सिटी को दस्तावेज वेरिफिकेशन के लिए भेजे थे।

### अब बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट भी जांची जाएगी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई दस्तावेज की जांच में एक अभ्यर्थी के अंक बढ़ाकर फर्जी मार्कशीट पेश करने का भी मामला सामने आया है। एक अभ्यर्थी ने हिमाचल प्रदेश की यूनिवर्सिटी की मार्कशीट पेश की, लेकिन यूनिवर्सिटी से जब जांच करवाई गई तो पता चला कि यूनिवर्सिटी में अभ्यर्थी का नाम ही रजिस्टर्ड नहीं है। इतनी बड़ी संख्या में केस आने पर अब जांच कमेटी ने फार्मासिस्ट भर्ती में आवेदकों की 10वीं और 12वीं की मार्कशीट की भी जांच करवाने की सिफारिश की है।

## Yuva स्टोरीज



### नवीन शर्मा बने शिक्षक संघ (सियाराम) के मुख्य महामंत्री और मुकेश मीणा सहप्रवक्ता

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की प्रदेश महासमिति अधिवेशन अलवर शहर के मंगल परिणय मैरिज होम में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चाओं के साथ सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन में राज्य भर से प्रदेश महासमिति के चयनित सदस्यों ने भाग लिया। अधिवेशन में प्रदेश चुनाव अधिकारी छगन लाल गुप्ता की देखरेख में सम्पन्न हुए। जयपुर के नवीन कुमार शर्मा मुख्य महामंत्री, मुकेश मीणा सहप्रवक्ता, जयपुर के विजय कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष राजेन्द्र पारीक प्रवक्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजभूषण शर्मा संयुक्त महामंत्री दिनेश शर्मा निर्वाचित हुए। अधिवेशन में शिक्षकों की विभिन्न मांगों व समस्याओं पर चर्चा की गई। इनमें स्थाई व पारदर्शी शिक्षक स्थानांतरण नीति बनाने, पुरानी पेंशन योजना को अविलंब लागू करने, सभी कैडर के शिक्षकों की विगत वर्षों की बकाया डीपीसी करने, लेवल 1 व 2 स्थायी एवं पारदर्शी शिक्षक स्थानान्तरण नीति जारी कर लेवल-1 व लेवल-2 शिक्षकों के शीघ्र स्थानान्तरण करना, साथ ही टी०एस०पी० क्षेत्र में नियुक्त नॉन टी०एस०पी० क्षेत्र के शिक्षकों के स्थानान्तरण के लिए घोषणा करना और कई बिंदुओं विचार विमश किया गया।

### 1000 से कम रैंक पाने वाले छात्रों को आईआईटी दिल्ली देगी छात्रवृत्ति

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) दिल्ली ने बीटेक प्रोग्राम में प्रवेश के लिए विभिन्न छात्रवृत्तियों की घोषणा की है। संस्थान ने एआईआर 1000 तक जेईई रैंक धारकों के लिए 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति की घोषणा की है। संस्थान ने बीटेक करने के इच्छुक छात्रों की सहायता के लिए छात्रवृत्ति के अवसरों की घोषणा की है। आईआईआईटी दिल्ली चेयरमैन स्कॉलरशिप, जो छात्रों को उनकी जेईई मेन रैंक के आधार पर पूरी या आंशिक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। 1000 से नीचे रैंक वाले छात्र 100 प्रतिशत छात्रवृत्ति के लिए पात्र हैं और 1000-2000 के बीच रैंक वाले छात्रों को ट्यूशन फीस का 50% छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके साथ ही, इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईआईटीडी) ने महिला छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए एक नई छात्रवृत्ति "एसटीईएम शिक्षा में महिला सशक्तिकरण छात्रवृत्ति (डब्ल्यूईएसएसई)" शुरू की है। इस छात्रवृत्ति का उद्देश्य शैक्षणिक रूप से अच्छी छात्राओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के लिए, छात्राओं को 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 95% से अधिक अंक प्राप्त करके शीर्ष 100 छात्राओं में शामिल होना चाहिए। यह पहल छात्रों की मदद के लिए शुरू किया गया है।



### योग से सीखें मन व शरीर को स्वस्थ रखने के गुर

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर की पहल पर आयोजित हो रहे योग शिविर के दूसरे दिन सेंट्रल पार्क में सैकड़ो योग साधकों ने योग किया। इस वर्ष योग दिवस की थीम वूमेन एंपावरमेंट रखी गई है। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर की समितियों के अध्यक्ष एवं पार्षदों ने भी योग शिविर में मन व शरीर को स्वस्थ रखने के गुर जाने। योगाचार्य महेंद्र सिंह राव एवं योगिनी प्रेरणा शर्मा द्वारा योग साधकों को योग करवाया गया। योगाभ्यास के साथ-साथ महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा पौधारोपण किया गया। महापौर ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पर्यावरण दिवस पर शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सभी जयपुर वासी अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम से एक पेड़ जरूर लगाए। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है बल्कि हमारे पर्यावरण को भी संरक्षित करती है। इसके साथ ही उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं अपने शहर को स्वच्छ रखने की भी अपील की। गौरतलब है कि 10 जून से नगर निगम ग्रेटर द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किया जा रहे हैं। यह योग शिविर 21 जून तक आयोजित किए जाएंगे। शिविर में अध्यक्ष एवं पार्षद रमेश सैनी पारस जैन, अरुण वर्मा, अरुण शर्मा, इंद्रप्रकाश धाभाई, गिरिराज शर्मा रामावतार गुप्ता, गुरूकुल योग संस्थान के अध्यक्ष रामशरण गुप्ता सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## नीट मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई में कहा...

# नीट काउंसलिंग पर रोक नहीं... मगर पवित्रता प्रभावित, जवाब दें

**बेधड़क** | जयपुर

नीट रिजल्ट को लेकर मचे बवाल के बाद मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने नीट काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीमकोर्ट के सामने बहिार और राजस्थान के एग्जाम सेंटर्स पर गलत क्वेश्चन पेपर्स बंटने के चलते हुई गड़बड़ी की शिकायत की गई थी और परीक्षा रद्द कर SIT जांच की मांग की गई थी।

ये याचिका स्टूडेंट शिवांगी मिश्रा और 9 अन्य छात्रों ने रिजल्ट की घोषणा से पहले 1 जून को दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने परीक्षा कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए को नोटिस जारी करते हुए कहा कि नीट यूजी की परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए।



जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की वैकेशन बेंच ने मामले की सुनवाई की। अब इस मामले की अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में 10 जून को भी नीट रिजल्ट पर रोक लगाने की याचिका दायर की गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने नीट यूजी एग्जाम 2024 में ग्रेस मार्क्स देने में मनमानी का आरोप लगाया है। एक एग्जाम सेंटर के 67 कैंडिडेट्स को पूरे 720 मार्क्स मिले हैं, इस पर भी याचिकाकर्ताओं ने संदेह जताया है। सुप्रीम कोर्ट में दायर नई याचिका में 5 मई को आयोजित नीट यूजी एग्जाम का पेपर लीक होने की व्यापक शिकायतों का भी हवाला दिया गया है।

### 20 हजार स्टूडेंट्स ने की है शिकायत

देशभर में नीट यूजी को लेकर अलग-अलग राज्यों में लगभग 20 हजार स्टूडेंट्स ने याचिकाएं दायर की थीं, जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की गई थी। ग्रेस मार्क्स के खिलाफ दायर की गई याचिका में कहा गया कि एनटीए ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया। वहीं, एग्जाम के पहले एनटीए की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस मार्क्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। ऐसे में कुछ कैंडिडेट्स को ग्रेस मार्क्स देना सही नहीं है।

### नई शिकायतें भी नीट रिजल्ट में आई सामने

एग्जाम में गड़बड़ी की नई शिकायतें भी सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने अंजली नाम की एक स्टूडेंट की NEET UG और 12वीं बोर्ड एग्जाम की मार्कशीट शेयर की है। इसके मुताबिक 12वीं में फेल हुई स्टूडेंट को NEET में 705 मार्क्स मिले हैं। भोपाल की एक स्टूडेंट का कहना है कि उसके स्कोरकार्ड में 340 नंबर हैं, जबकि आंसर की मिलाने पर उसे 617 नंबर मिलने चाहिए। इसी तरह लखनऊ की आयुषी पटेल का आरोप है कि उसकी OMR शीट जानबूझकर फाड़ी गई।

### राहुल गांधी ने भी उठाए सवाल

इधर, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी नीट रिजल्ट पर गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। इसलिए इस पर अब खुलकर राजनीति भी शुरू हो गई। कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने 8 जून को लोकसभा को एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने नीट 2024 की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। इसके बाद 9 जून को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी एक्स पर लिखा था कि शिक्षा माफिया से निपटना बेहद जरूरी है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### 2015 में AIPMT भी हुई थी रद्द

मेडिकल एंट्रेस के लिए 2015 में एआईपीएमटी परीक्षा पेपर लीक के कारण रद्द हुई थी। सीबीएसई ने कोर्ट में कहा था कि 44 छात्र ही लीक में लिप्त थे, लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को नहीं माना और फिर परीक्षा हुई थी।

### तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से दायर हुई याचिका

याचिका में कहा गया था कि रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स देना एनटीए का मनमाना फैसला है। स्टूडेंट्स को 718 या 719 मार्क्स देने का कोई मैथमेटिकल आधार नहीं है। ये याचिका स्टूडेंट वेलफेयर के लिए काम करने वाले अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और डॉक्टर शेख रोशन ने दायर की थी। ये दोनों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में स्टूडेंट्स वेलफेयर के लिए काम करते हैं।

## IIFT Phd मैनेजमेंट प्रोग्राम आवेदन अब 15 जून तक

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए पीएचडी मैनेजमेंट प्रोग्राम पंजीकरण की आखिरी डेट को आगे बढ़ा दिया है। उम्मीदवार अब 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्णकालिक और अंशकालिक दोनों मोड में उपलब्ध यह कार्यक्रम अपने दिल्ली और कोलकाता परिसरों के लिए घरेलू और विदेशी उम्मीदवारों के लिए खुला है। पीएचडी प्रबंधन कार्यक्रम में वित्त, संगठनात्मक व्यवहार और मानव संसाधन (ओबी और एचआर), रणनीति, वैश्विक व्यापार संचालन और रसद, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एप्लीकेशन मैनेजमेंट, मार्केटिंग और संचालन और सप्लाई चेन मैनेजमेंट जैसे विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया है। आईआईएफटी पीएचडी मैनेजमेंट प्रवेश प्रक्रिया में ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा शामिल है, जिसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 26 जून, 2024 को उपलब्ध होंगे, जबकि परीक्षा 30 जून, 2024 को निर्धारित है। आईआईएफटी पीएचडी मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षा का परिणाम जुलाई 2024 के दूसरे सप्ताह में घोषित किया जाएगा। इसके बाद जुलाई 2024 के चौथे सप्ताह में पर्सनल इंटरव्यू होंगे और फाइनल रिजल्ट अगस्त 2024 के दूसरे सप्ताह में घोषित किए जाएंगे।



## निर्वाण विश्वविद्यालय में लगाए पौधे

# पौधारोपण कर जगाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता

**बेधड़क** | जयपुर

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर निर्वाण विश्वविद्यालय जयपुर के योग और वेलनेस केंद्र (ओजस) में पौधारोपण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना और वनों की कटाई और पर्यावरणीय स्थिरता के वैश्विक प्रयासों में योगदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत निर्वाण विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. संजय खन्ना ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व और जलवायु परिवर्तन से निपटने में व्यक्तियों की भूमिका को उजागर करने वाले भाषण के साथ हुई। इसके बाद निर्वाण विश्वविद्यालय के सीओई प्रो. प्रशांत बेनीवाल ने योग, कल्याण और स्वस्थ वातावरण के बीच संबंध पर एक प्रेरणादायक बातचीत की। इसके बाद प्रतिभागियों को रुद्राक्ष, नींबू, जामुन, अमरूद, आम आदि विभिन्न देशी पौधों की प्रजातियों के पौधें प्रदान किए गए। परिसर के भीतर निर्धारित पौधों में पौधारोपण किया गया। इन क्षेत्रों को उनकी उपयुक्तता के आधार पर चुना गया था। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और विश्वविद्यालय समुदाय के भीतर सतत प्रथाओं को प्रोत्साहित करना था। इसने न केवल पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान दिया। बल्कि विश्वविद्यालय समुदाय को सार्थक पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं के बारे में शिक्षित और जोड़ा भी। यह कार्यक्रम डॉ. कृष्णा अग्रवाल, डीन, स्कूल ऑफ योग के निर्देशन में आयोजित किया गया।

## सहा. आचार्य भर्ती में 5 विषयों की आंसर-की जारी

**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के 5 विषय स्कल्पचर, पेंटिंग्स, म्यूजियोलॉजी, जैनोलॉजी एवं गारमेंट प्रोडक्शन एंड एक्सपोर्ट मैनेजमेंट की मॉडल उत्तरकुंजियां आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल उत्तर कुंजियों पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 12 से 14 जून 2024 को रात्रि 12.00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि इन विषयों की परीक्षाओं का आयोजन 17 मार्च से 31 मार्च तक किया गया था। आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्रों के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इन परीक्षाओं के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें।

**कार्यशाला** | एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ की ओर से दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

# एआई ने बदल दी शिक्षण और सीखने की तकनीक

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के एसकेआईटी कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग ने अपने परिसर में शिक्षा का भविष्य नामक एक व्यावहारिक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में एम्प्लॉयबिलिटी लाइफ के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए और वैश्विक उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी रुझानों पर ध्यान केंद्रित किया गया। यह संकाय सदस्यों और छात्रों दोनों के लिए 2 दिवसीय कार्यशाला थी। कार्यशाला के पहले दिन एआई ने शिक्षण और सीखने को कैसे पूरी तरह से बदल दिया है, इस पर संकाय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत में एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी अनिरुद्ध फड़के ने "वैश्विक उच्च शिक्षा: संस्थागत परिवर्तन पहल" पर एक आकर्षक सत्र दिया। उनके व्याख्यान में दुनिया भर में उच्च शिक्षा संस्थानों में महत्वपूर्ण बदलावों पर प्रकाश डाला गया। जिसमें शिक्षा के लिए अनुकूली और दूरदर्शी दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। फड़के ने सीखने के परिणामों और वैश्विक रोजगार क्षमता को बढ़ाने के लिए तकनीकी एकीकरण और नवीन प्रथाओं के महत्व को रेखांकित किया।



### शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं को पाटने की कोशिश

इसके बाद सुधेशना मित्रा ने "एक्सपीएमसी पद्धति और रूपरेखा" पर एक सत्र प्रस्तुत किया। जिसे अकादमिक शिक्षा और उद्योग की आवश्यकताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए डिजाइन किया गया है। मित्रा की रूपरेखा अनुभवात्मक शिक्षा, परियोजना-आधारित शिक्षा, परामर्श और निरंतर मूल्यांकन पर केंद्रित रही। जिसका लक्ष्य छात्रों को तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल और दक्षताओं से लैस करना है।

### विशेषज्ञ से पूछे सीधे जुड़े सवाल

कार्यक्रम का पहला दिन एक खुली चर्चा के साथ संपन्न हुआ, जिससे उपस्थित लोगों को विशेषज्ञों के साथ सीधे जुड़ने, प्रश्न पूछने और शिक्षा के भविष्य पर अपने दृष्टिकोण साझा करने की अनुमति मिली। इस इंटरैक्टिव सेगमेंट ने एक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा दिया और चर्चा की गई पद्धतियों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। ज्ञानवर्धक चर्चाओं और दूरदर्शी रणनीतियों से भरे दिन के सफल समापन को चिह्नित करते हुए प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### कौशल और करियर के अवसर किए तैयार

दूसरे दिन छात्रों को समर्पित रहा, जहां साइबर सुरक्षा और Azure DevOps पर केंद्रित एक प्री-इंटर्नशिप छात्र प्रेरण कार्यक्रम सुधेशना मित्रा, डिलीवरी हेड और स्नेहा गुहा ठाकुरता, प्रबंधक और सलाहकार, एम्प्लॉयबिलिटी.लाइफ़ के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था। सत्र का उद्देश्य छात्रों को इन अत्याधुनिक क्षेत्रों में आवश्यक कौशल से लैस करना, उन्हें भविष्य के कैरियर के अवसरों के लिए तैयार करना है।

# बालश्रम की बेड़ियों में जकड़ा है बचपन!




अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार


यह चिंताजनक है कि देश में सख्त बाल कानून होने के बावजूद भी बाल अधिकारों का उलंघन निरंतर बढ़ता जा रहा है। हर रोज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में बाल अधिकारों के उलंघन की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इसमें से ज्यादतर शिकायतें बच्चों के यौन उत्पीड़न, बाल मजदूरी और उनकी तस्करी से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी स्वीकार चुका है कि उसके पास बाल श्रम के हजारों मामले दर्ज हैं। ऐसा नहीं है कि बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून नहीं है।

गौर करें तो देश का संविधान बच्चों के संरक्षण और एवं अधिकारों की रक्षा के लिए ढेर सारे कानून गढ़ रखा है। संविधान के अनुच्छेद 15 (3) राज्य को बच्चों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अधिकार देता है। अनुच्छेद 21 (ए) राज्य को 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा देना कानूनी रूप से बाध्यकारी है। अनुच्छेद 24 में बालश्रम को प्रतिबंधित तथा गैर कानूनी कहा गया है। अनुच्छेद 39 (ई) बच्चों के रक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था करने के लिए राज्य कानूनी रूप से बाध्य है। इसी तरह 39 (एफ) के मुताबिक बच्चों को गरिमामय विकास के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना राज्य की नैतिक जिम्मेदारी है।

इसके अलावा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में स्पष्ट व्यवस्था है कि मानव तस्करी व बलात श्रम के अलावा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 16 खतरनाक व्यवसायों एवं 65 खतरनाक प्रक्रियाओं में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार देने पर रोक लगाया गया है। गत वर्ष पहले केंद्र सरकार ने बाल श्रम कानून में भारी बदलाव के जरिए कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने और कारोबार के अनुकूल माहौल निर्मित करने की दिशा में पहल करते हुए बाल श्रम (प्रतिबंध और नियमन) संशोधन विधेयक 2012 को मंजूरी दी। इसके लिए सरकार ने प्रस्तावित बाल श्रम विधेयक 2012 के संशोधनों के जरिए बाल श्रम अधिनियम 1996 में प्रमुख बदलाव किया जिसके जरिए 14 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों के काम की नई परिभाषा तय की गई और दूसरा बच्चों से खतरनाक कामों और प्रक्रियाओं में काम कराना प्रतिबंधित किया गया। कानून का उलंघन रोकने के लिए नियोक्ताओं के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान किया गया। इस कानून के मुताबिक अगर कोई पहली बार कानून का उलंघन करता है तो उसे छह महीने की कैद होगी और इस सजा को दो साल तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा 20 हजार से 50 हजार रुपए तक के जूर्माने का भी प्रावधान है। कोई नियोक्ता बच्चों का शोषण न कर सके इसके लिए प्रतिबंध की आयु को मुक्त अनिवार्य शिक्षा कानून, 2009 के तहत जोड़ दिया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि शिक्षा के समय के उपरांत बच्चा विज्ञापन, फिल्म टेलीविजन धारावाहिकों या किसी मनोरंजन या किसी खेल गतिविधियों में काम कर सकता है। कानून गढ़ते वक्त सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का भरपूर ध्यान रखा गया है। इसलिए कि देश में बड़े पैमाने पर बच्चे कृषि कार्य एवं कारीगरी में अपनी माता-पिता की मदद करते हैं, साथ ही उनसे काम भी सीखते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इस कड़े कानून के बावजूद भी बच्चों का शोषण थम नहीं रहा।

> *"आशंका यह भी है कि माफिया तत्व सुनियोजित तरीके से बच्चों का इस्तेमाल हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की सप्लाई में भी कर सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह भारत के लिए खतरनाक होगा। बाल मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि इससे बच्चों का बालमन पर बुरा असर पड़ेगा और उनमें नशाखोरी और आपराधिक भावना की प्रवृत्ति बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ के मुताबिक विश्व में करीब दस करोड़ से अधिक 14 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां विभिन्न खतरनाक उद्योग-धंधों में काम कर रही हैं।"*

अच्छी बात यह है कि बालश्रम के खिलाफ स्वयंसेवी संस्थाएं जनजागरुकता कार्यक्रम के जरिए रचनात्मक पहल कर रही हैं। इस दिशा में नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और उनकी संस्था बधाई की पात्र है। उल्लेखनीय है कि कैलाश सत्यार्थी ने दुनिया भर से बाल मजदूरी खत्म कराने के लिए 17 जनवरी 1998 को मनीला से 'ग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबर' का आगाज किया था। यह मार्च तकरीबन 5 महीने के दरम्यान 80 हजार किमी का सफर तय किया। यह बालश्रम के खिलाफ विश्व की सबसे बड़ी जागरूकता यात्रा थी। इस ग्लोबल मार्च में तकरीबन सैकड़ों देशों के राष्ट्राध्यक्ष, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष एवं राजा-रानी ने भागीदारी की थी। 6 जून, 1998 को इस यात्रा का समापन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ के जेनेवा स्थित मुख्यालय पर हुआ। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी का आईएलओ में ऐतिहासिक संबोधन हुआ। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन के जरिए बालश्रम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। उनकी पहल का नतीजा रहा कि 17 जून, 1999 को आईएलओ ने बाल श्रम और बाल दासता के खिलाफ सर्वसम्मति से कनवेंशन-182 कानून पारित कर दिया। इस अंतरराष्ट्रीय संधि पर भारत समेत दुनिया के 187 देश हस्ताक्षर कर चुके हैं। शानदार तथ्य यह कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने कैलाश सत्यार्थी की दूसरी मांग भी वर्ष 2002 में मान ली और 12 जून को अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाने की घोषणा कर दी। आज जरूरत इस बात की है कि केंद्र व राज्य सरकारें बच्चों के शोषण के विरुद्ध न सिर्फ कड़े कानून बनाएं बल्कि उसका पालन कराने के लिए भी ठोस पहल करें। साथ ही समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों का शोषण रोकने के लिए आगे आएं। इसलिए कि बच्चों का शोषण रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं समाज की भी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी मेहमान

# मधुर संबंधों के गवाह बने पड़ोसी देश




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार


> *"प्रधानमंत्री रहते हुए अटलबिहारी वाजपेयी ने लाहौर बस सेवा शुरू करके और फिर परवेज मुशर्रफ को आगरा में आमंत्रित करके, जमीं बर्फ को पिघलाने में बड़े भाई सा बड़प्पन भी दिखाया था, लेकिन इसकी दुखद परिणति कारगिल युद्ध में देखी गई थी। अतएव पाकिस्तान छोड़ अन्य पड़ोसियों को इस शपथ समारोह में आमंत्रित किया जाना इस रणनीति का संदेश है कि नरेंद्र मोदी उदार तो हैं, लेकिन आतंकवाद की सरपरस्ती करने वाले देश के प्रति कठोर भी हैं।"*

नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू की बराबरी करते हुए तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। इस बार भाजपा की सरकार राजग गठबंधन पर निर्भर रहेगी, क्योंकि भाजपा स्पश्ट बहुमत के 272 के आंकड़े से बहुत पीछे रह गई है। इसलिए घटक दलों से तालमेल बिठाकर जहां चुनौतियों से सामना करना होगा, वहीं जनता-जनार्दन की उम्मीदों पर भी खरा उतरना होगा। हालांकि शपथ के साथ ही मोदी ने न केवल समझौतावादी जनादेश स्वीकार किया है, बल्कि पड़ोसी देशों के राष्ट्र प्रमुखों को शपथ-ग्रहण समारोह में आमंत्रित कर मधुर संबंध बनाए रखने का उदार संदेश भी दे दिया है। साथ ही पड़ोसी चीन और पाकिस्तान को दरकिनार रखते हुए यह भी संदेश दिया है कि केंद्र में साझा सत्ता होने के बावजूद वे पाक और चीन की नापाक मंशाओं के सामने झुकने वाले नहीं हैं। पाक ने शपथ वाले दिन ही कश्मीर घाटी में तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकवादी हमला बोलकर यह जता दिया है कि वह अपनी कुटिल प्रवृति से बाज आने वाला नहीं है। साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कश्मीर के मुद्दे पर संयुक्त बयान दिया है कि 'वह जम्मू-कश्मीर में भारत की इकतरफा कार्यवाही का विरोध करते हैं। इस मसले का शांतिपूर्ण हल संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और यूएनएससी के प्रस्तावों के अंतर्गत तलाशना चाहिए।' अफगानिस्तान को इसलिए नहीं बुलाया, क्योंकि वहां तो सरकार ही आतंकवादी संगठन तालिबान चला रहा है। ऐसे में अन्य सीमाई पड़ोसी देशों से मधुर संबंधों की यह पहल मोदी की दूरदर्शिता की साक्षी बनी है।



गणतंत्र के इस समारोह में बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगरनाथ, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंधे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुश्पकमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे शामिल हुए। भारत की ओर से की गई यह पहल 'पड़ोसी पहले और सागर दृष्ट्रिकोण' की नीतियों को कारगर बनाने की दृष्टि से की गई है। साफ है, पड़ोसी और समुद्र मोदी के इस तीसरे कार्यकाल में सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेंगे। इसके पहले 2014 में नरेंद्र मोदी ने सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन के देशों और फिर 2019 में बिम्सटेक मसलन बहुक्षेत्रीय तकनिकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी की पहल से जुड़े देशों के प्रमुखों को आमंत्रित किया था। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य बंगाल की खाड़ी के किनारे बसे देशों के बीच परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाना रहा है। इन देशों में भारत, बांगलादेश, म्यांमार, श्रीलंका और थाईलैंड शामिल है। इसका सचिवालय बांग्लादेश में है। इन देशों में भारत क्षेत्रफल, आबादी और अर्थव्यवस्था की दृष्टि से सबसे बड़ा और वैश्विक प्रभुत्व वाला देश है। आज से दस साल पहले, अर्थात प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की संयुक्त प्रगतिशील संगठन सरकार में भारतीय अर्थव्यवस्था का विश्व में 11वां स्थान था, जो नरेंद्र मोदी के 10 साला कार्यकाल में 3.70 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के आकार के साथ विश्व में पांचवें स्थान पर है। अर्थव्यवस्था के जानकार यह उम्मीद जता रहे है कि वर्ष 2026 में भारतीय अर्थव्यस्था जर्मन की आर्थिकी से आगे निकलकर वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर होगी और 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का रूप ले लेगी। बावजूद भारत ने उदारता दिखाते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु को आमंत्रित किया। जबकि 2023 में जबसे मोइज्जु मालदीव के राष्ट्र प्रमुख बने हैं, तभी से मालदीव और भारत के संबंधों में तनाव बना हुआ है। अपने चुनाव अभियान के दौरान मोइज्जु ने भारत के 88 सैनिकों को देश से निकालने का आह्वान किया था। राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने चीन का दौरा किया। जबकि मालदीव के नए राष्ट्रपति बनते हैं, तो पद और गोपनीयता की शपथ लेने के बाद उनका पहला दौरा भारत का रहता है। किंतु अब मोइज्जू ने कहा है कि उनके लिए इस ऐतिहासिक अवसर में भागीदारी सम्मान की बात है। उम्मीद है कि अब दोनों देशों के बीच द्वीपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे।

दक्षेस मसलन हमारे वे पड़ोसी देश जो हमारी जमीनी अथवा समुद्री सीमा से जुड़े हैं। इन देशों की संख्या 8 है। ये देश हैं, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मालदीव और श्रीलंका हैं। हालांकि चीन भी हमारी सीमा से जुड़ा है, लेकिन वह दक्षेस का सदस्य देश नहीं है। इस समूह में यदि मॉरिशस, वर्मा, ईरान, म्यांमार और मध्य एशिया के पांच गणराज्य भी शामिल हो जाएं तो इसकी ताकत वैश्विक मुद्दों में हस्तक्षेप के लायक बन सकती है। मनमोहन सिंह पूरे एक दशक प्रधानमंत्री रहे, लेकिन वे विदेश नीति में मौलिक परिवर्तन लाने की दृष्टि से कोई भी पहल नहीं कर पाए थे, क्योंकि वे अनुकंपा प्रधानमंत्री थे और क्षेत्रीय क्षत्रपों के दबाव में तुरंत आ जाते थे। उनके निर्णय की डोरी सोनिया गांधी की मुट्ठी में बंद थी। नतीजतन वह कठपुतली प्रधानमंत्री के रूप में नाचने को मजबूर थे। इसके उलट मोदी राजनेता होने के साथ, दृढ़ इच्छाशक्ति वाले लगातार तीसरी बार निर्वाचित प्रधानमंत्री हैं, उनका यही आत्मबल उन्हें पड़ोसियों से संबंध सुधारने व विदेशी नीति को नई दिशा देने के लिए प्रेरित करता रहता है।

दक्षेश देश दुनिया के तीन फीसदी भूगोल में फैले हुए हैं और दुनिया की मौजूदा आबादी की 21 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं देशों में है। इन देशों में कुल क्षेत्रफल और जनसंख्या में भारत की हिस्सेदारी 70 फीसदी से भी ज्यादा है। 80 फीसदी आर्थिकि पर भी भारत काबिज है। हालांकि वैश्विक कारोबार की तुलना में इन देशों का परस्पर कुल व्यापार महज 5 फीसदी ही है। इस लिहाज से ये देश न तो व्यापार के क्षेत्र में सफल रहे और न ही शांति बरकरार रखने में कामयाब हुए। इस नाते इस संगठन का अब बहुत ज्यादा महत्व नहीं रह गया है। पाक निर्यात आतंक यदि कालांतर में युद्ध का कारण बनता है तो दक्षेस का भंग होना तय है।

हालांकि नरेंद्र मोदी न केवल दक्षेस, बल्कि आसियान देशों के बीच मुक्त व्यापार के पक्षधर रहे हैं, लेकिन पाक बाधाएं पैदा करने से बाज नहीं आता। जबकि भारत हमेशा सौहार्द का पक्षधर रहा है। मोदी ने दक्षेस देशों को तीनों शपथ समारोह में न केवल आमंत्रित किया, बल्कि एक ऐसा उपग्रह अंतरिक्ष में स्थापित किया, जो इन देशों के बीच तकनीकी रूप से मददगार साबित हुआ है। इन उपायों पर पाक ने अब तक बट्टा लगाने का ही काम किया है। इन्हीं वजहों से मजबूर होकर भारत ने गोवा में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में बिम्सटेक सदस्यों को आमंत्रित किया था, किंतु पाक को अलग-थलग रखने की रणनीति तभी से अपनाई हुई है। एशियाई संगठन बिम्सटेक में भारत के अलावा भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड सदस्य देश हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# विकास के लिए




पूरन सरमा
व्यंग्यकार


मोहल्ले के विकास में कोई दो राय नही है अब, क्योंकि चन्दे की रसीदें बड़ी द्रुतगति से काटी जा रही हैं। वे पांच लोग थे-जिन्हें देखकर सामान्य गृहस्थ थर-थर काँपने लगते थे। वे आते, खीसें निपोरते तथा गन्दे दांत दिखाकर कहते-'देखिए साहब, थोड़ी देर हमारे साथ भी चलिए- आखिर सामुदायिक विकास का मामला है। अब यह अकेले ही हमारा कार्य तो है नहीं।' मैं और डर जाता तथा कहता-'भाई, मुझे तो बाजार जाना है। अब बताइये क्या प्रोग्राम है। मेरा मतलब कोई चंदे की बात हो तो मेरा पूरा योगदान है।'

तब उनमें से एक आदमी रसीद बुक लेकर आगे बढ़ता और कहता है कि देखिये कल पौष बड़ों का कार्यक्रम है। भगवान का काम है- जो भी देना हो स्वेच्छा से दे दीजिये। मन में आता है कि स्वेच्छा से तो मैं फूटी कौड़ी भी नहीं देना चाहता। लेकिन मन मार कर कहता-'अब बताइये भी, और क्या दे रहे हैं?'

'देखिए, अभी तक इक्यावन से कम तो किसी ने दिये ही नहीं हैं। फिर आप तो पढ़े-लिखे हैं। समिति के समझदार तथा सक्रिय सदस्य हैं। अपने लोग ही नहीं समझेंगे इसके महत्त्व को तो और लोग भला क्या देंगे? फिर साहब इस बहाने कॉलोनी में एक कार्यक्रम हो जाता है तथा मिलना-जुलना हो जाता है।' उनमें से कोई एक आदमी यह रटा हुआ जुमला उगल देता।

मैं यही कह पाता-'सही फरमा रहे हैं आप। मोहल्ले का तथा कॉलोनी का विकास इसी तरह सभी के सहयोग से होता है। यह क्या कम है कि कोई कुछ नहीं कर पाता और आप पांच लगे रहते हैं विकास कार्यों में। आप ही है की देन है कि रोड लाइट्स तीस पर्सेन्ट जल रही है तथा सीवर लाइन भी ठीक-ठाक है। यह बात दीगर है कि कुछेक जगह सीवर से पानी बाहर आकर रोगों को खुला आमंत्रण दे रहा है, पर आप अकेले करो भी क्या-क्या? लीजिये यह इक्यावन, बच्चों की फीस बाद में जमा करवा दूंगा। पहले मोहल्ले का विकास। यदि विकास समिति नहीं होती न, तो सच कहता हूं कि हमारा पार्क भी कूड़ा घर बन जाता। यह आपका ही प्रयत्न है कि यहां आज मंदिर बनाने की सोच रहे हैं?'

वे एक दूसरे के चेहरे देखते और फिर मुझे देखते और मुझे रसीद पकड़ा कर चलते बनते। यह कहानी यहीं खत्म नहीं होती, कल दीपावली पर अन्नकूट है तो एक दिन होली जलेगी तो किसी दिन मंदिर में किवाड़ लगेंगे। इसके अलावा विकास समिति को मासिक विकास शुल्क अलग देना है। मंदिर समिति और विकास समिति, दोनों धाराएं अलग हैं, लेकिन एकता और अखंडता के लिए इसे मिला दिया गया है।

मेरे सामने समिति के उपाध्यक्ष रहते हैं, वे इन दिनों सबसे बड़े उदासीन है। उन्हें एक पद चाहिए था, वह मिल चुका है, अतः वह सदस्यों की हौसला अफजाई के अलावा कुछ नहीं कर पाते। चन्दा वे भी दे देते हैं, ताकि उनके उपाध्यक्ष को किसी प्रकार का खतरा उत्पन्न न हो। पूरी कॉलोनी विस्मित रहती है कि यह विकास कौन कर रहा है। सफाई का तो हाल यह है कि कई बार अहसास होता है कि हम पेरिस में तो नहीं रह रहे।

## नॉलेज कॉर्नर: मानव संसाधन मंत्रालय के अधीन एनटीए कराता है कई महत्वपूर्ण परीक्षाएं

# ये एग्जाम आयोजित करता है एनटीए!

देश में इस समय नीट परीक्षा के रिजल्ट को लेकर हंगामा मचा हुआ है। सभी इसमे में परीक्षा एजेंसी एनटीए पर सवाल खड़े कर रहे हैं। आपको बता दें कि देश की ज्यादातर परीक्षा का आयोजन नेशनल टेस्टिंग की ओर से कराया जाता है, लेकिन क्या आपको पता है एनटीए की स्थापना कब हुई थी और इसका हेड कौन होता है। साथ ही ये एजेंसी कितने एग्जाम कराती है। हालांकि यह जानना भी आवश्यक है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के पास एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेटिव, एक्सपर्ट्स, रिसर्चर और असेसमेंट डेवलपर की टीम होती है। इस संबंध में विस्तार से जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना भारतीय संस्था पंजीकरण अधिनियम 1860 के तहत हुई थी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना नंबर 2017 ने हुई थी। इसे केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। जिसके बाद मानव संसाधन मंत्रालय ने NTA का गठन किया था। इस एजेंसी का मुख्य काम उच्च शिक्षा और विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कुशल, पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप परीक्षाएं आयोजित करना है। ये स्वायत्त संस्था है जो देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश और छात्रवृत्ति के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करती है। इस एजेंसी के चेयरपर्सन प्रो. प्रदीप कुमार जोशी हैं जो की यूपीएससी के भी पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके एजेंसी महानिदेशक आईएएस सुबोध कुमार सिंह हैं। इसके अलावा कई संस्थानों के निदेशक और कुछ विश्वविद्यालयों के कुलपति भी एनटीए की गवर्निंग बॉडी में आते हैं।



### नीट और जेईई की परीक्षाएं भी कराता है

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर कई बड़ी परीक्षा कराने का जिम्मा है। एजेंसी की तरफ से कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET), ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन (JEE) मेन्स एग्जाम का आयोजन कराया जाता है। इसके अलावा एजेंसी यूजीसी नेट परीक्षा का आयोजन करती है। साथ ही साथ मेडिकल फील्ड की बड़ी परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट-अंडर ग्रेजुएट NEET UG और NEET PG का आयोजन एजेंसी कराती है।

### ये परीक्षाएं भी आयोजित

*राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी कॉमन मैनेजमेंट कम एडमिशन टेस्ट (CMAT), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड एंट्रेंस टेस्ट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंट्रेंस एग्जाम, जॉइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्रम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (JIP-MAT) जैसी परीक्षाओं का आयोजन करती है। जाती हैं।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे। कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं!



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
हमारा संकल्प, हमारा ध्येय- आपणो अग्रणी राजस्थान सर्वश्रेष्ठ राजस्थान की संकल्पना को साकार करते सर्वसमावेशी बजट 2024-25 में की गई जनहितकारी घोषणाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन, रूपरेखा व वर्तमान स्थिति का जायजा लेने हेतु अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की व इस संबंध में उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
जम्मू-कश्मीर के रियासी में बस पर हुए कायराना हमले में राजस्थान के विद्याधर नगर एवं चौमूं के चार मृत श्रद्धालुओं के परिवारों को आर्थिक सहायता हेतु राज्य सरकार की ओर से ₹50-50 लाख की धनराशि प्रदान की जाएगी।

### रायबरेली में राहुल गांधी की आभार सभा... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर साधा निशाना, कहा...

# 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट दिया

एजेंसी | रायबरेली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता ने हिंसा, झूठ और अहंकार के खिलाफ वोट किया है। भाजपा के लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे थे पर जनता ने उन्हें संविधान को माथे से लगाने के लिए मजबूर कर दिया है। राहुल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने नरेंद्र मोदी को संदेश दे दिया है कि हमें आपका विजन पसंद नहीं आया है क्योंकि वो कुछ उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं। राहुल गांधी मंगलवार को रायबरेली



में आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी सभा में मौजूद थी। राहुल ने कहा कि जनता ने बता दिया है कि वह नफरत के खिलाफ है। बेरोजगारी के खिलाफ हैं। रायबरेली की जनता ने इस बदलाव की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी तो किसी गरीब को, किसी आदिवासी को नहीं बुलाया गया था। फिल्म के लोग मौजूद थे। उद्योगपति मौजूद थे पर किसी गरीब, आदिवासी और दलित को नहीं बुलाया गया था। अयोध्या में भाजपा को हराकर जनता ने संदेश दिया है। अब मुद्दों की बात होगी। महंगाई की बात होगी। बेरोजगारी की बात होगी। अग्निवीर की बात होगी। जनता के मुद्दों की बात होगी।

#### प्रियंका वाराणसी से चुनाव लड़तीं तो प्रधानमंत्री मोदी दो-ढाई लाख वोट से हारते

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा फैजाबाद लोकसभा सीट भी हार गई। अयोध्या की जनता ने संदेश दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से किसी तरह जीते हैं। अगर वहां से प्रियंका लड़ जाती तो प्रधानमंत्री दो-ढाई लाख वोटों से हारते। देश की जनता ने भाजपा को संदेश दिया है कि ये मोहब्बत का देश है। हम आपकी नफरत के खिलाफ हैं। हम मोहब्बत चाहते हैं। आपकी राजनीति हमें अच्छी नहीं लगी है।

**रायबरेली-अमेठी से पुराना रिश्ता**

राहुल गांधी ने कहा कि हमारा रायबरेली और अमेठी से बहुत पुराना रिश्ता है। ये करीब 100 साल पहले शुरू हुआ था जब किसानों के आंदोलन के लिए जवाहर लाल नेहरू जी यहां आए थे। ये गहरा रिश्ता है जो अभी है और हमेशा रहेगा।

#### जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि रायबरेली व अमेठी लोकसभा सीट पर जीत कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस जीत से साबित हो गया है कि प्रदेश व देश के लोग साफ सुथरी राजनीति चाहते हैं। ये सब आप कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम है। दोनों सीटों पर जीत के लिए राहुल-प्रियंका कार्यकर्ताओं को आभार जताने के लिए पहुंचे थे। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता भी कांग्रेस के मंच पर मौजूद रहे। प्रियंका गांधी ने सपा कार्यकर्ताओं के लिए भी आभार जताया।

### केंद्र में नए मंत्रियों में से 99 प्रतिशत करोड़पति

ADR
Association for Democratic Reforms

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नई मंत्रिपरिषद के 71 सदस्यों में से 70 यानी 99 प्रतिशत करोड़पति हैं और उनकी औसत संपत्ति 107.94 करोड़ रुपए है। छह मंत्री ऐसे हैं जिनके पास 100 करोड़ रुपए से कहीं अधिक की संपत्ति है। देश में चुनाव सुधार की दिशा में काम करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने यह जानकारी दी है। एडीआर ने मंत्रियों की ओर से की गई अपनी संपत्ति की घोषणा के आधार पर ए यह आकलन किया है। विश्लेषण शामिल किए गए 71 मंत्रियों में से 70 ने करोड़पति श्रेणी में संपत्ति घोषित की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी 5705.47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ इस सूची में सबसे ऊपर हैं।

### सिक्किम: सरकारी कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शपथ ग्रहण के अगले ही दिन मंगलवार को प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में चार फीसदी का इजाफा किया है। यह फैसला एक जुलाई 2023 से लागू होगा। यह निर्णय सोमवार शाम को दूसरी बार बनी सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा सरकार की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने की। मंगलवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि चार प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों का महंगाई भत्ता 46 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि डीए में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष में राज्य के खजाने पर 174.6 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा।

### PM मोदी समेत कई हस्तियां शपथ ग्रहण समारोह में होंगी शामिल

# नायडू आंध्र व मोहन माझी ओडिशा के सीएम होंगे, आज लेंगे शपथ

एजेंसी | अमरावती/भुवनेश्वर

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू बुधवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ ही वह चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे। नायडू को मंगलवार को टीडीपी, भाजपा व जनसेना विधायकों की बैठक में सर्वसम्मति से राजग विधायक दल का नेता चुना गया। वहीं, मोहन चरण माझी ओडिशा के16वें मुख्यमंत्री होंगे। उन्हें मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। माझी राज्य के आदिवासी सीएम होंगे। इसके अलावा केवी सिंहदेव और प्रावति परिदा राज्य की भाजपा सरकार में दो उपमुख्यमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नायडू और माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उनके अलावा भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

नायडू विजयवाड़ा के बाहरी इलाके में गन्नवरम हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली आईटी पार्क में सुबह 11.27 बजे शपथ लेंगे। पीएम मोदी नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद भुवनेश्वर जाएंगे जहां वह ओडिशा के सीएम माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पीएम मोदी का वहां एक रोड शो का भी कार्यक्रम प्रस्तावित है।

हाल ही में लोकसभा चुनावों के साथ दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव भी हुए थे। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी नीत गठबंधन ने आंध्र प्रदेश में 164 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया था। वहीं, 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में भाजपा ने 78 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया है। भाजपा ने ओडिशा के नए मुख्यमंत्री के चयन के लिए केंद्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा विधायकों की मंगलवार को हुई बैठक में मोहन माझी को विधायक दल का नेता चुना गया।





**चौथी बार सीएम बनेंगे नायडू**

चंद्रबाबू नायडू पहली बार 1995 में अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने और उसके बाद दो और कार्यकाल पूरे किए। मुख्यमंत्री के रूप में उनके पहले दो कार्यकाल संयुक्त आंध्र प्रदेश के सीएम के रूप में थे। तीसरा कार्यकाल राज्य के विभाजन के बाद आया। नए राज्य तेलंगाना के गठन के बाद 2014 में नायडू विभाजित आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने और 2019 तक इस पद पर रहे। वे 2019 का चुनाव हार गए और 2024 तक विपक्ष के नेता बने रहे। 2024 के चुनावों में शानदार जीत के बाद, वे चौथी बार सीएम के रूप में वापसी कर रहे हैं। टीडीपी, भाजपा और जनसेना वाले एनडीए ने आंध्र प्रदेश में हाल ही में संपन्न चुनाव में 164 विधानसभा और 21 लोकसभा सीटों के साथ भारी बहुमत से जीत हासिल की।

#### मजबूत आदिवासी चेहरा हैं माझी

क्योंझर विधानसभा सीट से चार बार विधायक चुने गए 53 वर्षीय माझी एक मजबूत आदिवासी व तेजतर्रार चेहरा हैं और अपनी जनसेवा और संगठनात्मक कौशल के लिए जाने जाते हैं। माझी का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से गहरा रिश्ता रहा है। संगठन में भी उनकी मजबूत पकड़ रही है। वह खनिज संपन्न केंदुझर जिले के एक मजबूत और तेजतर्रार आदिवासी नेता हैं। माझी निवर्तमान सीएम नवीन पटनायक से पदभार संभालेंगे, जिन्होंने पिछले 24 साल से लगातार राज्य की बागडोर संभाली है।

#### यहां भी माझी के नाम से चौंकाया

इससे पहले ओडिशा के वरिष्ठ सांसद धर्मेंद्र प्रधान के नाम को लेकर अटकलें चल रही थीं। हालांकि उन्हें दो दिन पहले केंद्र सरकार में मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद उनके राज्य का अगला मुख्यमंत्री बनने की संभावना क्षीण हो गई। इसके बाद, सबकी नजरें ब्रजराजनगर क्षेत्र से विधायक सुरेश पुजारी पर थीं, जो सोमवार को नई दिल्ली से लौटे थे। पुजारी के अलावा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल, केवी सिंहदेव भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल थे।

#### चंद्रबाबू नायडू का बड़ा ऐलान...

## अमरावती ही होगी आंध्र की राजधानी



एजेंसी | अमरावती

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने शपथ ग्रहण से एक दिन पहले मंगलवार को घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी। नायडू ने टीडीपी, भाजपा और जनसेना के विधायकों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। इस बैठक में नायडू को सर्वसम्मति से प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेता चुना गया। नायडू ने कहा, हमारी सरकार में तीन राजधानियों की आड़ में कोई खेल नहीं होगा। हमारी राजधानी अमरावती है। अमरावती राजधानी है।' साल 2014-2019 के दौरान विभाजित आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अमरावती को राजधानी बनाने का विचार सामने रखा था। लेकिन नायडू के इस विचार को 2019 में तब झटका लगा जब टीडीपी सत्ता से बाहर हो गई और वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली वाईएसआरसीपी ने शानदार जीत हासिल की। रेड्डी ने अमरावती को राजधानी बनाने की योजना पानी फेर दिया। उन्होंने तीन राजधानियों का नया सिद्धांत पेश किया। लेकिन अब नायडू ने इस सिद्धांत के स्थान पर एकल राजधानी के फैसले को तरजीह दी है।

**अमरावती राजधानी शहर परियोजना को मिली नई जान**

टीडीपी, भाजपा और जनसेना के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने हाल में राज्य में एक साथ कराए गए लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल की है। एनडीए ने विधानसभा में 164 सीट और लोकसभा की 21 सीट जीती। इस जीत से अमरावती राजधानी शहर परियोजना को नई जान मिली है।

#### कई वरिष्ठ मंत्रियों ने संभाला कामकाज

## आतंकियों-नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगी लड़ाई: अमित शाह

एजेंसी | नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभागों के बंटवारे के अगले ही दिन मंगलवार से मंत्री मोर्चे पर जुट गए हैं। भाजपा और सहयोगी दलों के अधिकांश मंत्रियों ने अपने-अपने मंत्रालयों का कार्यभार संभाल लिया है। अमित शाह, एस जयशंकर, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ मंत्रियों ने अपना-अपना कार्यभार संभाल लिया है। कामकाज संभालते ही गृह मंत्री शाह ने साफ किया कि नई सरकार देश की सुरक्षा के लिए अपने प्रयासों को अगले स्तर तक ले जाएगी। आतंकवाद, उग्रवाद और नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई जारी रहेगी। शाह ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' पर यह बात कही। कार्यभार संभालने के पहले शाह ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय राष्ट्र और उसके लोगों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा, जैसा कि यह हमेशा रहा है।

वहीं, एस जयशंकर ने दूसरी बार विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद पड़ोसी देशों के संबंधों को और मजबूत करने को अपनी प्राथमिकता बताया। इसी तरह से अश्विनी वैष्णव ने रेल और सूचना प्रसारण दोनों मंत्रालयों का कार्यभार संभाल लिया। राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण, धर्मेंद्र प्रधान, नितिन गडकरी जैसे कुछ मंत्री बुधवार या गुरुवार को कार्यभार संभालेंगे। दूसरी बार पर्यावरण मंत्रालय का कार्यभार संभालते हुए भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री मोदी की प्राथमिकता को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। मध्यप्रदेश में दो दशक तक मुख्यमंत्री रहने के बाद केंद्र में कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने किसान कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताया। ध्यान देने की बात है कि अपने तीसरे कार्यकाल की शुरूआत किसान सम्मान निधि की राशि जारी कर प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कर दिया है कि कृषि और किसान सरकार के लिए काफी अहम है।

## राहुल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल को बताया 'परिवार मंडल'



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगवलार को वंशवादी राजनीति को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के मंत्रिमंडल को 'परिवार मंडल' करार दिया। उनका इशारा मोदी 3.0 सरकार में उन मंत्रियों की ओर था जो राजनीतिक परिवारों से आते हैं।

राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, पीढ़ियों से संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने सरकारी परिवार को सत्ता की वसीयत बांट रहे। कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं। इस पोस्टर में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी कुमारस्वामी, पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया के बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया, अरुणाचल प्रदेश के प्रोटेम स्पीकर रिनचिन खारू के पुत्र किरेन रिजिजू, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे और पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह के पौते जयंत चौधरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे चिराग पासवान और पूर्व सांसद एवं मध्य प्रदेश की मंत्री जयश्री बनर्जी के दामाद जेपी नड्डा का नाम लिया गया है।

### लोकसभा चुनाव के नतीजों पर आरएसएस के मुखपत्र में कड़ा लेख... कहा-

# नहीं सुनी जनता की आवाज, जमीनी कार्यकर्ताओं को नहीं दी तवज्जो

## भाजपा कार्यकर्ताओं के अति आत्मविश्वास की वजह से ऐसे परिणाम सामने आए

एजेंसी | नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (अरएसएस) ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कड़ी टिप्पणी की है। अरएसएस के मुखपत्र 'ऑर्गनाइजर' में छपे लेख में कहा गया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अति आत्मविश्वास की वजह से ऐसे परिणाम सामने आए हैं।

भाजपा के कार्यकर्ता जनता की आवाज सुनने की जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैन फॉलोइंग की चमक का आनंद ले रहे थे। लेख में यह भी कहा कि



फाइल फोटो

भाजपा के नेता चुनावी सहयोग के लिए 'स्वयंसेवकों' तक नहीं पहुंचे। भाजपा ने उन कार्यकर्ताओं को तवज्जो नहीं दी जो जमीन पर काम कर रहे थे। वहीं, पार्टी ने उन कार्यकर्ताओं पर भरोसा जताया जो 'सेल्फी' के सहारे प्रचार कर रहे थे। आरएसएस के सदस्य रतन शारदा के इस लेख में आगे कहा गया है कि यह चुनाव परिणाम भाजपा के लिए एक 'रियलिटी चेक' है।

#### 'लक्ष्य था 400 सीट का पीएम का आह्वान'

लेख में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर पोस्टर और सेल्फी साझा करने से नहीं, बल्कि जमीन पर कड़ी मेहनत से ही लक्ष्य हासिल किए जाते हैं। 2024 के आम चुनाव के नतीजे अति आत्मविश्वास से भरे भाजपा कार्यकर्ताओं और कई नेताओं को इस बात का एहसास नहीं था कि प्रधानमंत्री मोदी का 400 से ज्यादा सीट का आह्वान उनके लिए एक लक्ष्य था और विपक्ष के लिए यह एक चुनौती थी।

#### महाराष्ट्र में की गई अनावश्यक राजनीति

महाराष्ट्र अनावश्यक राजनीति की गई। एनसीपी (अजित पवार गुट) के पार्टी में जुड़ने से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश था। राज्य में भाजपा की ब्रांड वैल्यू कम हो गई है। शारदा ने कहा कि भाजपा में कई उन कांग्रेसी नेताओं को शामिल किया गया, जिन्होंने 'भगवा आतंक' का हौवा बनाया था। वहीं, 26/11 मुंबई आतंकी हमले को आरएसएस की साजिश करार दिया था।

#### मतदाताओं तक पहुंच पार्टी की जिम्मेदारी

रतन शारदा ने आगे कहा कि मतदाताओं तक पहुंचना, पार्टी के एजेंडे को समझाना, साहित्य और वोटर कार्ड वितरित करना पार्टी की जिम्मेदारी है। ज्ञात रहे कि भाजपा ने महाराष्ट्र में खराब प्रदर्शन किया। 2019 की कुल 48 सीटों में से 23 सीटों की तुलना में केवल नौ सीटें जीत सकी। शिंदे गुट के नेतृत्व वाली शिवसेना को सात सीटें और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा को सिर्फ एक सीट मिली।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने की अपील

## सोशल मीडिया से अब हटा सकते हैं 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा सोशल नेटवर्किंग साइट्स शुरू किए गए 'मोदी का परिवार' अभियान पर समाप्त हो गया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अपील की है कि लोग अपने सोशल मीडिया प्लेफॉर्म्स से 'मोदी का परिवार' हटा सकते हैं।

पीएम मोदी के ऑफिशियल एक्स हैंडल पर मंगलवार शाम को एक पोस्ट में कहा गया कि चुनाव प्रचार के दौरान पूरे भारत में लोगों ने मेरे प्रति स्नेह के तौर पर सोशल मीडिया अकाउंट्स पर 'मोदी का परिवार' जोड़ा। इससे मुझे काफी ताकत मिली। देश के लोगों ने एनडीए को लगातार तीसरी बार बहुमत दिया। यह एक तरह का रिकॉर्ड है। हमें अपने देश की बेहतरी के लिए काम करते रहने का जनादेश मिला है।

## जरूरी खबर

### चारधाम यात्रा: जोशीमठ में भू-धंसाव से चिंता

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के पड़ाव पर एक हाईवे पर एक बार फिर टेंशन बढ़ गई है। बदरीनाथ हाईवे पर जोशीमठ के रेलवे आरक्षण केन्द्र के पास मंगलवार को दो जगहों में बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दिए है। दोनों गड्ढे एक दूसरे से लगभग 30 मीटर की दूरी पर हुए है। बीआरओ ने इन दोनों गड्ढो में पत्थर और मिट्टी भर दी हैउधर, नगर के मनोहरबाग में अभी भी भूधंवास का सिलसिला जारी है। आदि केदारेश्वर से ज्योर्तिमठ मनोहरबाग तक पूर्व में निर्मित हल्का मोटर वाहन मार्ग में लगातार मोटी-मोटी दरारें पड़ रही हैं। इन दिनों बदरीनाथ और हेमकुंड की यात्रा चरम पर है। जिस सड़क में यह गड्ढे हुए थे उसी सड़क से होकर प्रतिदिन हजारों की तादात में यात्रा वाहन जोशीमठ नगर से गुजर रहे हैं। इसी सड़क के ठीक नीचे लगभग 40 से अधिक परिवार निवास करते हैं। दोनों गड्ढे लगभग 4-5 फीट चौड़े है।

### राज्यसभा की 10 सीटें हुई रिक्त, एक सीट राजस्थान की



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन रिक्तियों को अधिसूचित किया है। जो सीटें खाली हुई हैं, उसमें असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक सीट शामिल हैं। राजस्थान से राज्यसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल हाल में हुए लोकसभा चुनाव में केरल की अलाप्पुझा सीट से निर्वाचित हुए हैं। इसलिए राजस्थान से राज्यसभा की यह एक सीट रिक्त हो गई है। रिक्त हुई सीटों के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में राजस्थान में राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस-भाजपा फिर आमने सामने होने वाले है।

### यात्रियों से भरी बस खाई में गिरी महिला की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में गंगोत्री से उत्तरकाशी जा रही यात्रियों से भरी बस मंगलवार रात गंगनानी के पास हादसे का शिकार हो गई। बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। हादसा होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। लेकिन ये किसी चमत्कार से कम नहीं था कि बस खाई में गिरते ही पेड़ पर अटक गई। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। हादसे में एक महिला की मौत हुई है, जबकि 26 लोग घायल हैं। पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि हादसा रात करीब नौ बजे हुआ। हादसे के बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल में 'महिला शक्ति'





*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों को विभागों के आवंटन के बाद मंगलवार को कई मंत्रियों में अपना कार्यभार संभाल लिया। केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एवं महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर अपने-अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालते हुए।*

### पीएम मोदी जी-7 की बैठक में भाग लेने इटली जाएंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा इस सप्ताह इटली जाएंगे। वे वहां जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन इटली के अपुलिया क्षेत्र में लग्जरी रिजार्ट बोरगो एग्नाजिया में 13 से 15 जून तक प्रस्तावित है। पीएम मोादी 13 जून को इटली की यात्रा पर रवाना होंगे।हालांकि, प्रधानमंत्री के इटली दौरे की अब तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि मोदी के साथ एक उच्च स्तरीय शिष्टमंडल भी दौरे पर जाएगा। मोदी अपने दौरे पर इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी के साथ बैठक सहित कई द्विपक्षीय बैठकें भी करने वाले हैं।

सूत्रों के अनुसार बैठक में यूक्रेन में युद्ध और गाजा संघर्ष का मुद्दा छाये रहने की संभावना है।

**मौके पर पहुंचे सुरक्षा बल, तलाशी अभियान शुरू**

# J&K में फिर आतंकवादी हमला मुठभेड़ जारी, 1 दहशतगर्द ढेर

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में रियासी इलाके में एक यात्री बस पर हमले के दो दिन आतंकवादियों ने मंगलवार को प्रदेश के कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर के सैदा सुखल गांव में एक घर पर गोलीबारी की। बाद में मौके पर पहुंचे सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक आंतकवादी मारा गया। ग्रामीणों से गांव में गोलीबारी के बारे में सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर यह जानकारी दी है।

सूचना के अनुसार, आतंकी अभी भी फायरिंग कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार आतंकियों की संख्या आठ बताई जा रही है। जिस स्थान पर फायरिंग हो रही है। उसकी कुछ दूरी पर कथास्थल में बुआदाती देवस्थान पर 13 लोग जिसमें में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं, वो एक कमरे में बंद हैं। ग्रामीणों ने उनकी सुरक्षा के लिए मांग की है। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, सैदा सुखल गांव के निवासियों ने गोलियों की आवाज सुनने की सूचना दी और आस-पास के क्षेत्र में बंदूकधारियों को देखकर अधिकारियों को सूचित किया। पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने संदिग्ध व्यक्तियों का पता लगाने के लिए इलाके में एक संयुक्त अभियान चलाया।



### यात्री बस के हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक यात्री बस पर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने सोमवार को व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हमले में 10 लोगों की मौत हुई और 41 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), राज्य अन्वेषण अभिकरण (एसआईए) और फोरेंसिक विभाग की टीमों ने घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच शुरू कर दी। उत्तर प्रदेश और दिल्ली के तीर्थयात्रियों को ला रही बस पर रविवार शाम आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया, जिसके कारण बस गहरी खाई में गिर गई थी।

### डीसी के लगातार संपर्क में: जितेंद्र सिंह

इस बीच, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास हीरानगर सेक्टर के सैदा गांव में एक घर पर हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर मैं डीसी कठुआ राकेश मिन्हास के साथ लगातार ऑनलाइन संपर्क में हूं। मैं एसएसपी कठुआ अनायत अली चौधरी के भी संपर्क में हूं, जो मौके पर हैं। जिस घर पर हमला हुआ था, उसका मालिक (नाम का खुलासा नहीं किया जाएगा) भी मोबाइल फोन पर संपर्क में है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों का संयुक्त अभियान जारी है। अब तक एक आतंकवादी मारा गया है।

**VIP सुरक्षा में बड़े बदलाव की तैयारी**

## अब NSG व ITBP की जगह अर्द्धसैनिक बलों को सौंपा जाएगा जिम्मा!

एजेंसी । नई दिल्ली

मोदी 3.0 के नए मंत्रियों के कार्यभार संभालने के साथ ही केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की वीआईपी सुरक्षा इकाई की सेवा वापस लेने पर विचार कर रहा है। मंत्रालय एक दर्जन से अधिक उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी कर रहा है।

आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि यह भी फैसला किया गया है कि वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी के 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह वापस बुलाने के प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और जेड प्लस श्रेणी के सभी सुरक्षाकर्मियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपा जाएगा।

ज्ञात रहे कि एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्य से मुक्त करने की योजना साल 2012 से चल रही है। हालांकि, अभी यह संभव नहीं हो पाया है। एनएसजी



को वीआईपी सुरक्षा ड्यूटी से हटाए जाने के बाद करीब 450 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस काम से मुक्त होने की उम्मीद है। दरअसल, अगर देश में एक ही समय में कई जगहों पर आतंकवादी हमले होने पर, एनएसजी कमांडों को एक साथ कई जगह भेजा जा सकता है।

सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत इस महत्वपूर्ण इकाई की समीक्षा जल्द ही किए जाने की संभावना है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों और कुछ अन्य को दी गई सुरक्षा या तो वापस ले ली जाएगी या कम की जाएगी या अपग्रेड कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी तरह वीआईपी की सुरक्षा में लगे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को सीआरपीएफ या सीआईएसएफ की वीआई सुरक्षा इकाई में स्थानांतरित किया जा सकता है, जिसे विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) कहा जाता है।

**विश्व बैंक ने जीडीपी में 6.6% की बढ़ोतरी का अनुमान जताया**

## तेज गति से बढ़ती रहेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेज गति से बढ़ने का अनुमान जताया है। वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2025 में भारत के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 6.6% की बढ़ोतरी का अनुमान बरकरार रखा है। विश्व बैंक के मुताबिक, इस दौरान मैन्युफैंक्चरिंग और रियल एस्टेट में ज्यादा तेजी देखने को मिलेगी। इसी साल अप्रैल में विश्व बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए भारत की जीडीपी दर की वृद्धि का अनुमान 20 बेसिस पॉइंट बढ़ाकर 6.6% कर दिया था। ग्लोबल एजेंसी ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। हालांकि, भारत के अर्थव्यवस्था के विस्तार की रफ्तार मध्यम रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक ने 2023-24 में हाई ग्रोथ रेट के बाद 2024-25 से शुरू होने वाले तीन वित्तीय वर्षों के लिए औसतन 6.7% सालाना वृद्धि का अनुमान है। वर्ल्ड बैंक ने मंगलवार को अपने नए दक्षिण एशिया अर्थव्यवस्था वृद्धि को लेकर कहा कि कुल मिलाकर 2024 में दक्षिण एशिया में ग्रोथ रेट 6.0 प्रतिशत मजबूत होने की उम्मीद है, जो मुख्य रूप से भारत में मजबूत ग्रोथ पाकिस्तान और श्रीलंका में रिकवरी से प्रेरित है। विश्व बैंक ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत की अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.6 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

**कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल ने कहा ...**

## UCC सरकार के एजेंडे का हिस्सा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार के एजेंडे का हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, पदोन्नति और स्थानांतरण से संबंधित प्रक्रिया ज्ञापन के मुद्दे पर एक समाधान खोजा जाएगा, जिसे अंतिम रूप दिया जाना बाकी है। मेघवाल ने इस बात से भी इनकार किया कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव है। उन्होंने मंगलवार को विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्यभार संभाला। पिछली मोदी सरकार में भी उनके पास यही विभाग था। मेघवाल ने अपने मंत्रालय में प्रमुख रिक्तियों पर एक सवाल के जवाब में कहा, जहां भी रिक्तियां हैं, चाहे वह उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय या हमारा मंत्रालय या अधीनस्थ अदालतें हों, हम उन्हें जल्द से जल्द भरने का प्रयास करेंगे।

**जैसे को तैसा: चीन को जवाब देने की तैयारी**

# तिब्बत की 30 जगहों के नाम बदलेगा भारत

एजेंसी । नई दिल्ली

जैसे को तैसा वाली रणनीति के तहत भारत की ओर से चीन को जवाब देने की पूरी तैयारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली नव निर्वाचित राजग सरकार ने तिब्बत में 30 स्थानों के नाम बदलने को तैयारी करली है। इस फैसले को अरुणाचल प्रदेश में चीन की नामकरण नीति का जवाब माना जा रहा है। यह कदम चीन द्वारा अप्रैल में अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों के नाम बदलने के जवाब में उठाया जा रहा है। भारत ने चीनी कदम पर कड़ी आपत्ति जताई थी। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत का लक्ष्य तिब्बत में स्थित स्थानों को अपने नाम देकर अपने क्षेत्रीय दावों को पुख्ता करना है।



फाइल फोटो

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की मंजूरी भारत सरकार ने दे दी है। ये नाम ऐतिहासिक शोध और तिब्बत क्षेत्र के आधार पर ही रखे जाएंगे। सूची में 11 आवासीय क्षेत्र, 12 पहाड़, चार नदिया, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा और जमीन का एक हिस्सा शामिल है। खबर है कि सेना इन नामों को जारी करेगी और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के मैप इन नामों को अपडेट कर दिया जाएगा। ज्ञात रहे कि 5 मई, 2020 को पैंगोंग इलाके में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध शुरू हो गया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापार को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में रिश्तों में गिरावट आई है। गतिरोध को हल करने के लिए दोनों पक्षों ने अब तक 21 दौर की सैन्य वार्ता हो चुकी है।

चीन के बार-बार के दावों के बावजूद, भारत ने लगातार अरुणाचल प्रदेश को देश का अभिन्न अंग और अविभाज्य हिस्सा बताया है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि 'मनगढ़ंत' नाम रखने से यह वास्तविकता नहीं बदल जाती। भारत की ओर से यह कड़ी प्रतिक्रिया ऐसे समय में आई है जब दक्षिण चीन सागर जैसे क्षेत्रों में चीन की विस्तारवादी नीतियों को वैश्विक अस्वीकृति मिली है।

### चीन के साथ मुद्दों के हल पर देंगे ध्यान: जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को अपने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद कहा कि भारत, चीन के साथ सीमा पर शेष मुद्दों को हल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पूर्वी लद्दाख में चार साल से अधिक समय से जारी सीमा विवाद के कारण दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में काफी तनाव आया है। उन्होंने पाकिस्तान से होने वाले सीमापार आतंकवाद का जिक्र किया और कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए प्रयास किये जाएंगे। जयशंकर ने कहा कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो दिशानिर्देशक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

## सेवानिवृत्ति लाभ से नहीं कर सकते इनकार: SC

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसले में कहा है कि अगर किसी कर्मचारी ने 30 से 40 साल तक सेवा दी हो तो उसे सेवानिवृत्ति पर मिलने वाले लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है, भले ही उसकी नियुक्ति अल्पकाल के लिए शॉर्ट टर्म के आधार पर हुई हो। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा है कि अपीलकर्ताओं ने 30 से 40 साल तक काम किया है। इसलिए, उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों से वंचित करना अनुचित होगा। खंडपीठ ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट तौर पर लिखा कि वर्तमान आदेश अपीलकर्ताओं की सर्विस की लंबी अवधि को देखते हुए और विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के आधार पर पारित किया गया है।

दरअसल, 1981 में उत्तर प्रदेश के अविभाजित गोरखपुर जिले में अल्पकाल के लिए 14 सहायक वासिल बाकी नवीस की नियुक्ति हुई थी। बाद में गोरखपुर से एक और जिला महाराजगंज बन गया। जिला बंटवारा होने के बाद 14 में से 5 वासिल बाकी नवीस महाराजगंज चले गए और 9 गोरखपुर में ही रहे। 26 जून 1991 को महाराजगंज के जिलाधिकारी ने उन पांचों सहायक वासिल बाकी नवीस की सेवा स्थायी कर दी लेकिन इसकी शिकायत होने के बाद अक्तूबर 1992 में आदेश पलटते हुए स्थायीकरण रद्द कर दिया गया।

## वीनस स्टारलाइट मिस एंड मिसेज इंडिया-2024 का ग्रेंड फिनाले

# लतिका मिस इंडिया और मिसेज इंडिया क्लासिक बनीं प्रतिभा

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुर की सोच और अनुभव देश भर के टैलेंट का काम आई और उन्होंने न केवल टिप्स दिए, बल्कि क्राउन पहनाते हुए ख्वाब पूरे किए। इसके लिए जयपुर की वीनस फिल्म एंड इवेंट्स व स्टारलाइट इवेंट एंड एंटरटेनमेंट की ओर से वीनस स्टारलाइट मिस एंड मिसेज इंडिया-2024 का ग्रेंड फिनाले बैंगलुरु में आयोजित किया गया। जहां पूरे इंडिया से मिस एंड मिसेज कैटेगरी की पार्टिसिपेंट्स ने रैंप पर फैशन का जलवा बिखेरा। वीनस फिल्म एंड इवेंट्स के डायरेक्टर जेजे कश्यप ने बताया कि वर्चुअल ऑडिशन के जरिए प्रतिभागियों को चुना गया। तीन कैटेगरी रखी गई थी, जिसमें मिस कैटेगरी में 17 साल से 35 साल के प्रतिभागी थीं तो मिसेज को दो कैटेगरी में बांटा गया था। पहली क्लासिक थी, जिसमें 21 से 40 साल की महिलाएं थीं। प्रीमियम कैटेगरी में 41 साल से 55 साल की पार्टसिपेंट्स को रखा गया। सभी ने 2 सीक्वेंस में परफॉर्मेंस दी। पहले सिक्वेंस लहंगा राउंड में हैदराबाद की डिजाइनर शैलेजा ने अपनी क्रिएटिविटी रैंप पर शोकेस की तो दूसरे में वेस्टर्न गाउन को शोकेस किया गया।

### ऑल इंडिया से आई अलग-अलग कैटेगरी की मॉडल्स ने बिखेरा फैशन का जलवा



### साउथ के एक्टर्स ने लगाए चार-चांद

कॉन्टेस्ट में गेस्ट सेलिब्रिटी कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के स्टार भार्गव तो एक्ट्रेस स्वाति, डायरेक्टर लोकेश एंड साथी कलाकारों ने चार चांद लगाए। वहीं जूरी में डॉ. भूमिका गोविंदानी, वीनस मिसेज इंडिया 2023 डॉ. अर्चना पुरोहित, वीनस स्टारलाइट मिसेज इंडिया 2024, आरोही ढोले, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट स्वाति, वीनस स्टारलाइट मिसेज साउथ एशिया-2024 चरिथा 2024 शामिल रहे। लथिका जूलरी मार्ट का जूलरी कलेक्शन फैशन लवर्स को रोमांचित कर गया।

### इनके सिर सजा ताज

*वीनस स्टरलाइट मिस इंडिया का टाइटल हैदराबाद की लतिका के नाम रहा तो मिसेज इंडिया क्लासिक कैटेगरी का टाइटल हिसार की प्रतिभा सिंह को दिया गया। मिसेज इंडिया प्रीमियम का ताज मुंबई की कृष्णा पूनिया ने पहना। वहीं, मिस कैटेगरी फर्स्ट रनरअप इंदौर की पूजा शर्मा रही तो सैकंड रनरअप केरला की शामिनी बनी और तीसरा ताज हरियाणा की रेशमा राजपूत ने पहना। वहीं, मिसेज क्लासिक में फर्स्ट रनरअप बैंगलुरु की आराधना प्रियदर्शनी रही तो सैकंड रनरअप लखनऊ की डॉ. पारुल प्रसाद रही। थर्ड रनरअप बैंगलुरु की वंदना नरानिया रही और चौथी रनरअप आंध्रा की पुष्पा लोकेश थीं। प्रीमियर कैटेगरी में फर्स्ट रनरअप रोहिनी नायक थी तो सैकंड मीरा बनी सोनी थी तो थर्ड रनरअप बरेली की डॉ. हरमीत पुरी थीं। चौथी हैदराबाद की सुजाता लिंगाला थीं। इस मौके पर स्टारलाइट इवेंट्स की सीएमडी जयंती रामचंद्रन ने सभी का अभार जताया।*

## शिविर में बच्चों ने दिखाया टैलेंट



**बेधड़क. जयपुर।** कान्हा परिवार द्वारा आयोजित समर कैंप का समापन महाराणा प्रताप सभागार में किया गया। आयोजक घनश्याम मुलानी व हितेश आडवाणी ने बताया कि शुभारंभ डॉक्टर अलका गौर, रितु अग्रवाल, मंजू ढींगरा, अशोक सेवानी ने किया। कार्यक्रम में एक महीने तक निरंतर प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डांस प्लस विनर रोहन सिंह रहे, जिन्होंने बच्चों के साथ डांस किया। टीना सरिया, किशन जेमनी, सरिता, उर्मिला जांगिड़, रेखा गोयल, गुल सजनानी, अनीता वर्मा, विजय हरलानी, ममता मिश्रा, मधु वरलानी, दौलत त्रिलोकानी, अनीता, विजय, प्रिया आदि के साथ कोरियोग्राफर डॉक्टर प्रेरणा कुलश्रेष्ठ व करण कुमार ने रंग जमाया।

## रिकॉर्ड होल्डर विष्णु का सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** मई चैलेंज रन ऐवरी डे राष्ट्रीय पुरस्कार से जयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टांक को समानित किया गया। टांक ने मई के 31 दिन में 793 किलोमीटर दौड़ लगाई। टांक पिछले कई वर्षों से कई मैराथन दौड़ में भाग ले चुके हैं और इनके नाम कई अवॉर्ड और पुरस्कार शामिल हैं। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मैराथन में भाग लेने वाले टांक ने बताया कि इस चैलेंज के लिए खुद को तैयार किया और सफलता हासिल की। इसके लिए खास तैयारी नहीं करनी पड़ी, क्योंकि पहले से कई चैलेंज जीत चुका हूं। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स, इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स, इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्स और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड जैसे संगठनों से 4 रिकॉर्ड धारक खिताब हासिल किए हैं। अब तक 140 से अधिक हाफ वर्चुअल मैराथन पूरी कर दौड़ने का जुनून जारी है। गौरतलब है विष्णु के सामाजिक और सेवा कार्य भी खास हैं। ये मोटीवेशन स्पीकर के तौर में लोगों हेल्दी रहने के लिए जागरूक करते हैं। इनके रनिंग के प्रति कार्य को देखते हुए मई चैलेंज रन ऐवरी डे के डायरेक्टर प्रशांत चौधरी ने रैंक प्रथम का पुरस्कार दिया।

## City इवेंट्स

### 'नाव मेरी लकड़ी की' एलबम रिलीज




**बेधड़क. जयपुर।** सिंगर व पूर्व जज केपी सक्सैना का गाया 'नाव मेरी लकड़ी की है भगवन' का वीडियो एलबम हाल ही यूट्यूब पर रिलीज हुआ। महाकाव्य ग्रंथ रामचरित मानस के राम-केवट प्रसंग पर आधारित इस भजन को मुंबई के लता मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया है। म्यूजिक डायरेक्टर विक्रांत माथुर ने इसे स्वरबद्ध किया है। इसे केपी सक्सैना ने लिखा व अपनी आवाज में पिरोया है। यूट्यूब पर केपी सक्सैना म्यूजिक चैनल पर रिलीज यह भजन देश-विदेश में काफी लोकप्रिय हो रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले पूर्व जज केपी सक्सैना की आवाज में मुंबई की टी सीरीज ने तकरीबन 50 से अधिक ऑडियो और वीडियो एलबम जारी किए हैं। इनमें मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अनुराधा पौडवाल के साथ केपी सक्सैना का गाया भजन मेरे राम...भी शामिल है जो काफी सुर्खियों में रहा।

### महिलाओं को दी विशेष ट्रेनिंग

**बेधड़क. जयपुर।** विजयवर्गीय (वैश्य) महिला मंडल जयपुर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किए हैं। इसके लिए महिला मंडल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्व समाज के बच्चों और महिलाओं के लिए 21वां नि:शुल्क शिविर लगाया है। 10 दिवसीय गीष्मकालीन शिविर में उन्होंने महिलाओं को विशेष ट्रेनिंग दी।

### निशुल्क बस से किए खाटू दर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुरवासियों ने जयकारे लगाते हुए 15वीं नि:शुल्क बस सेवा से खाटू बाबा के दर्शन किए। इसके लिए सोडाला निवासी मनीष ने पहल की है और लगातार 15वीं बार वे जयपुर से खाटू श्याम बाबा के निशुल्क बस लेकर गए। श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से शाम 5 बजे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के साथ सभी भक्तों को लेकर बस रवाना हुई। मनीष ने बताया कि खाटू पहुंचने के बाद सभी भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।

## रोजगार के अवसर और चुनौतियों पर चर्चा

# गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि बढ़ें रोजगार



**बेधड़क** | जयपुर

मुक्त मंच जयपुर की संगोष्ठी रोजगार के अवसर और चुनौतियां विषय पर परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य में और बहुभाषाविद डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में हुई।

इस दौरान पूर्व आईएएस अरुण ओझा के मुख्य आतिथ्य और शब्द संसार अध्यक्ष श्रीकृष्णा शर्मा के संयोजन में लंबी चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम ने कहा कि रोजगार का व्यापक अर्थ जीवन प्रबंधन से है। रोजगार का अर्थ नौकरी ना होकर जीवनयापन का कर्म करना है। रोजगार की वर्तमान समस्या भौतिकता से ओतप्रोत हमारी बढ़ती हुई जीवन शैली है। श्रम की गरिमा की उपेक्षा और व्यक्ति और समाज की सुविधापरक मानसिकता है। एक जमाना था जब गांव आत्मनिर्भर थे। सामाजिक सद्भाव था, किन्तु आज गावों से पलायन और शहरों में हताशा निराशा है।

सामाजिक प्रतिष्ठा, स्थायित्व, पेंशन और अपेक्षाकृत अधिक मासिक आय के कारण सरकारी नौकरियों के प्रति सम्मोहन है। अतः गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि रोजगार बढ़ सकें। मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी अरुण ओझा ने कहा कि हमें गांधी की ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था की ओर लौटना होगा, जिससे गांवों में निर्माण कार्य हो और उत्पादन को शहरों में लाया जाए तो हर आदमी को रोजगार मिल जाएगा, पर हम कॉर्पोरेटाइजेशन के चक्कर में फंस गए। कौशल विकास की कई योजनाएं हैं, लेकिन वे जितनी प्रभावी होनी चाहिए नहीं हो पाई हैं।

## स्नेह मिलन समारोह के लिए गेट टुगेदर

# नामदेव समाज की चयनित 24 प्रतिभाओं का सम्मान




**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय नामदेव समाज (दर्जी, छीपा) राज सेवक समूह का प्रतिभा सम्मान व स्नेह मिलन समारोह जिला व सेशन जज सत्यनारायण की अध्यक्षता व समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग रुणवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर न्यायाधीश आरडी रोहिला, पुलिस महानिरीक्षक अनिल टांक, रामाज समूह और नामदेव चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष महावीर टेलर, छीपा समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष राम सोपारा, भामाशाह जगदीश परिहार, उधोगपति कुंज बिहारी छींपा, संयुक्त आयुक्त कमल रुहेला, अभियंता रेलवे अरुण दर्जी विशिष्ट अतिथि रहे। आयोजन समिति सदस्य कन्हैयालाल ने बताया कि इस मौके पर अतिथियों ने नवचयनित 24 प्रतिभाओं का सम्मान किया।

आईएएस दीप्ति रोहिल्ला, फ्लाइट लेफ्टिनेंट आंचल गंगवाल, आरएएस संदीप डिडवानिया, चन्द्रप्रकाश, प्रदीप छींपा वैज्ञानिक प्रसस्ति नामा आदि शामिल रहे। स्वागत भाषण में कोर कमेटी सदस्य तहसीलदार चन्द्रशेखर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई प्रतिभाओं को तराशना, उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ना और भविष्य में उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत वर्मा ने किया। कोर कमेटी सदस्यों किरण, हितेश रोहिल्ला, मोहन, अजय, देवेन्द्र, मुकेश कुमार, अशोक, मोहित टेलर, हरीश वर्मा, कमलकांत, नवीन कुमार ने स्वागत किया।

**धार्मिक कार्यक्रम** | जैन श्रद्धालुओं ने मनाई श्रुत पंचमी

# जिनवाणी की पूजा सहित हुए श्रुत स्कंध पूजा विधान

**बेधड़क** | जयपुर

जैन धर्मावलंबियों द्वारा श्रुत पंचमी पर्व मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में जिनवाणी पूजा, श्रुत स्कंध पूजा विधान, जिनवाणी सजाओ प्रतियोगिता सहित विशेष आयोजन हुए। कई मंदिरों में जिनवाणी शोभा यात्रा निकाली गई। सुबह 7 बजे दड़ा मार्केट स्थित दिगम्बर जैन मंदिर तेरापंथी बड़ा मंदिर से मनिहारों का रास्ता स्थित दिगम्बर जैन मंदिर संघीजी तक शोभा यात्रा निकाली गई। संघीजी मंदिर में धर्म सभा का आयोजन हुआ। गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में सिद्धार्थ नगर के श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी (खण्डाकान) में श्री जिन सहस्त्रनाम पूजा विधान किया गया।



### जिनवाणी शोभा यात्रा निकाली

इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में माताजी ने श्रुत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। माताजी द्वारा वर्ष 2024 के चातुर्मास की घोषणा की। घोषणा अनुसार माताजी ससंघ का चातुर्मास श्रीविज्ञा तीर्थ गुनसी टोंक रोड पर वर्ष 2024 का चातुर्मास होगा। धर्म सभा का संचालन चेतन जैन निमोडिया ने किया। सभा में मांग्यावास, चौमू बाग, सूर्य नगर, सिद्धार्थ नगर, मानसरोवर, दुर्गापुरा, मालवीय नगर, प्रताप नगर, विवेक विहार, चाकसू, गुनसी सहित पूरे देश से श्रद्धालु शामिल हुए। सभा समापन पर कालोनी के विभिन्न मार्गो से जिनवाणी शोभा यात्रा निकाली गई।

### संगोष्ठियों का आयोजन

कालवाड़ रोड श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर करधनी स्कीम में श्रुत पंचमी समारोह मनाया गया। इसमें पूजा विधान के बाद जिनवाणी यात्रा निकाली गई। दुर्गापुरा के श्री चन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजन हुए। जनकपुरी के श्री दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्रुत स्कंध पूजा विधान का संगीतमय आयोजन हुआ।

झूठ आज से नहीं अनन्त काल से रथ पर सवार है और सच चल रहा है पांव-पांव।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप




## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने संघर्ष विराम प्रस्ताव को दी मंजूरी

# हमास-इजराइल जंग रोकने का बना प्लान



**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

इजराइल-हमास युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने गाजा में स्थाई युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के अमेरिकी प्रस्ताव को पारित किया।

इजराइल-हमास युद्ध के 9 महीने हो चुके हैं। अमेरिका द्वारा तैयार किए गए इस प्रस्ताव में हमास से 31 मई को राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा घोषित युद्धविराम प्रस्ताव को स्वीकार करने को कहा गया है। इसे इजराइल पहले ही स्वीकार कर चुका है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 14 मत पड़े, जबकि इसके खिलाफ कोई भी आगे नहीं आया। वहीं रूस ने इससे दूरी बना ली और इसमें हिस्सा नहीं लिया।

इसने अपनी वीटो शक्ति का प्रयोग नहीं करने का निर्णय लिया। पारित प्रस्ताव का उद्देश्य तीन चरणों में एक व्यापक युद्धविराम समझौते पर पहुंचना है। पहले चरण में महिलाओं, बुजुर्गों और घायलों सहित बंधकों की रिहाई, मारे गए कुछ बंधकों के अवशेषों की वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की अदला-बदली के साथ तत्काल पूर्ण युद्धविराम की बात कही गई है।

### दूसरे चरण में होगा शत्रुता का स्थायी अंत

दूसरे चरण में शत्रुता का स्थाई अंत होगा। इसके बदले में गाजा में मौजूद सभी बंधकों को रिहा कर दिया जाएगा। गाजा से इजराइली सेना पूरी तरह से लौट जाएगी। दूसरी ओर तीसरे चरण में गाजा के लिए एक प्रमुख बहुवर्षीय पुनर्निर्माण योजना होगी। गाजा पट्टी में अब भी मौजूद किसी भी मृत बंधक के अवशेष इजराइल को लौटा दिए जाएंगे। राष्ट्रपति बाइडेन ने इस समझौते को न केवल एक युद्धविराम के रूप में वर्णित किया था जिससे युद्ध का स्थायी अंत होगा। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने कहा था कि कतर द्वारा हमास के नेतृत्व को समझौते की शर्तें बता दी गई हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि अगर हमास सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित समझौते पर सहमत हो जाता है

## 24 घंटे के बाद जंगल में मिला विमान का मलबा

# मलावी के उपराष्ट्रपति समेत 9 की विमान हादसे में मौत

**एजेंसी** | ब्लैंटायर (मलावी)



मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा और उनकी पत्नी सहित 9 अन्य लोगों की एक विमान हादसे में मौत हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी कि उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को ले जा रहे विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी। बताया गया था कि विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद विमानन अधिकारियों ने विमान से संपर्क बनाने की कई कोशिशें कीं, लेकिन इसका पता लगाने में वे विफल रहे।

मलावी के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उप राष्ट्रपति चिलिमा रक्षा बल के विमान में सवार थे। यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजकर 17 मिनट पर राजधानी लिलोंग्वे से रवाना हुआ था। इसके बाद विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सुरक्षा बलों से विमान का पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान शुरू करने का आदेश दिया था। बताया गया है कि मलावी के राष्ट्रपति चकवेरा बहामास की यात्रा करने वाले थे, लेकिन विमान लापता होने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया। खोजी अभियान चलाने के बाद पता चला कि विमान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ है।

एक दिन से अधिक समय तक चली खोज के बाद उपराष्ट्रपति सौलोस चिलिमा को ले जा रहे सैन्य विमान का मलबा देश के उत्तर में एक पहाड़ी क्षेत्र में पाया गया। इस हादसे में उप राष्ट्रपति चिलिमा समेत विमान में सवार अन्य 9 लोगों की भी मौत हो गई। मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने राज्य टेलीविजन पर एक लाइव संबोधन में कहा कि दुर्घटना में कोई भी जीवित नहीं बचा है। राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने मंगलवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया गया।

### खराब मौसम की वजह से नहीं उतरा विमान



चकवेरा ने सरकारी टेलीविजन चैनल एमबीसी पर प्रसारित अपने संबोधन में बताया कि वायु यातायात नियंत्रक ने जानकारी दी कि विमान खराब मौसम की वजह से नहीं उतरा और लौट गया। उन्होंने कहा कि वायु यातायात नियंत्रक का विमान से संपर्क टूट गया और यह कुछ ही देर बाद रडार की पहुंच से बाहर हो गया।

### मई में ईरानी राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर हो गया था क्रैश

इससे पहले ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर भी लापता हुआ था, जो बाद में तलाश के बाद क्रैश होने की पुष्टि की गई, जिसमें राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री और अन्य लोगों की मौत हो गई थी। रईसी का हेलिकॉप्टर 19 मई को शाम में लापता हुआ था। 20 मई को उनके निधन की खबर आई थी। रईसी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुख जताया था और भारत में एक दिन राष्ट्रीय शोक मनाया गया था।

## उत्तर कोरियाई सैनिकों की हरकत पर भड़का दक्षिण कोरिया

# साउथ कोरिया में घुसे नॉर्थ कोरियाई सैनिक



**सियोल**। दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच तनातनी जगजाहिर है। हाल ही में उत्तर कोरिया की तरफ से दक्षिण कोरिया में कचरों से भरे गुब्बारे गिराए गए थे जिसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अब खबर आ रही है कि दक्षिण कोरियाई सैनिकों ने उत्तर कोरिया के जवानों पर गोलियां चलाई हैं।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह घटना ज्यादा तूल नहीं पकड़ेगी क्योंकि दक्षिण कोरिया का मानना है कि उत्तर कोरियाई सैनिकों ने जानबूझकर सीमा में घुसपैठ नहीं की और ना ही उत्तर कोरिया ने जवाब में गोलियां चलाईं।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के कुछ सैनिक दोनों देशों को अलग करने वाली सैन्य सीमा को पार कर उसके अधिकार क्षेत्र में घुस आए। उन्होंने बताया कि इन उत्तर कोरियाई सैनिकों के पास निर्माण उपकरण थे जबकि कुछ सैनिकों के पास हथियार भी थे। हालांकि, दक्षिण कोरियाई सेना द्वारा चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाए जाने के बाद वो तुरंत अपने क्षेत्र में लौट गए। उन्होंने बताया कि उत्तर कोरिया ने कोई अन्य संदिग्ध गतिविधियां नहीं की।






**खगोलीय घटना**

# धरती के पास से गुजरेगा बड़ा एस्टेरॉय

**एजेंसी** | वाशिंगटन

नासा के वैज्ञानिक एक विशाल क्षुद्रग्रह (एस्टेरॉय) पर नजर बनाए हुए हैं, जो तेजी से धरती की ओर बढ़ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि वह जल्द धरती के करीब पहुंचेगा। 2024 CR29 नाम के ये एस्टेरॉयड 1400 फुट (427 मीटर) बड़ा है, जो 26, 562 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में सफर कर रहा है। ये विशालकाय आकाशीय पिंड अगर इसी रफ्तार से धरती पर टकराता है तो उस इलाके में तबाही मच जाएगी। हालांकि, नासा ने राहत भरी खबर दी है कि यह पृथ्वी से 73.7 लाख किमी की दूरी से गुजरेगा, जो पृथ्वी व चंद्रमा की दूरी से 19 गुना ज्यादा है। यह दूरी बड़ी भले लगती हो, लेकिन खगोलीय दृष्टि से यह बहुत ज्यादा नहीं है।



### लाखों सालों में एक बार होती है दुर्लभ घटना

वैज्ञानिकों के अनुसार, ऐसी घटना दुर्लभ है, जो लगभग 1.66 लाख वर्षों में एक बार ही होती है। अगर 2024 CR29 के आकार कोई आकाशीय पिंड धरती से टकराता है तो इसका अंजाम भयावह होगा। धरती पर टकराने के चलते 1363 फीट गहरा और 3.2 किलोमीटर चौड़ा गड्ढा बनेगा। एस्टेरॉयड धरती पर जिस जगह टकराएगा, वहां 130 किमी के आसपास पेड़ जल जाएंगे। यही नहीं इससे 239 डीबी की शॉकवेव निकलेगी जिसके चलते 29 किमी के दायरे में इमारतें नष्ट हो जाएंगी। 6.1 की तीव्रता का एक जोरदार भूकंप भी आएगा।

### वैज्ञानिक बनाए हुए हैं नजर

नासा ने बताया है कि एस्टेरॉयड 2024 CR29 के धरती से टकराने की संभावना नहीं है और यह सुरक्षित गुजर जाएगा। इसके बावजूद भी यह ब्रह्मांड में घूम रहे अनजान खतरों की हमें याद दिलाता है। अधिकांश एस्टेरॉयड मंगल और बृहस्पति के बीच मुख्य बेल्ट में पाए जाते हैं। वैज्ञानिक लगातार ऐसी भयावह घटनाओं को रोकने के तरीके पर काम कर रहे हैं। नासा ऐसी तकनीक पर काम कर रहा है जिसे इन एस्टेरॉयड वो वापस भेजा जा सके।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl